निम्न जाति में पैदा होने कारण जाति–पाँति, वर्ग–भेद, छुआ–छूत और अस्पृश्यता का जितना कटु अनुभव सन्त रविदास को था कदाचित उतना कटु अनुभव सूर, तुलसी, जायसी अथवा किसी अन्य कवि को नहीं था। उन्होंने हृदय से अनुभव किया कि जाति–पाँति की खाई बहुत गहरी है। जब तक इसे वैचारिक सौहार्द्र्य से पाटा नहीं जायेगा तब तक मानव–मानव के बीच एकता सम्भव नहीं है। उन्होंने धर्म के उदारवादी पक्ष को उद्घाटित करते हुए इस बात पर विशेष बल दिया कि धर्म किसी एक वर्ग, जाति अथवा किसी व्यक्ति विशेष के लिये नहीं हो सकता, अपितु यह सबके लिए समान रूप से मान्य होता है। जो धर्म सर्व कल्याणकारी न हो वह धर्म हो ही नहीं सकता है। धर्म तो सार्वकालिक, सर्वजनीन एवं सर्वग्राह्य होता है। उनके इन विचारों ने निम्न वर्ग के लोगों को बहुत गहराई से प्रभावित किया, उनमें आत्म सम्मान एवं आत्मगौरव की भवना का अलख जगाया और इसे एक आन्दोलन के रूप में खड़ा कर दिया। उन्होंने स्पष्ट रूप से घोषित किया कि जन्म अथवा जाति से कोई छोटा अथवा बड़ा नहीं होता सबका सृजनहार एक है और उसकी भक्ति पर सबका समान अधिकार है–

जन्म जात मत पूछिए, का जात अरु पात
रविदास पूत सभ प्रभ के, कोउ नहिं जात कुजात।।
बहमन वैसे सूद अरु खत्री, डोम, चमार, मलेछ मन सोई।
होई पुनीत भगवन्त भजन तें, आपु तरे तारे कुल दोई।।

सन्त रविदास जी कहते हैं कि कोई व्यक्ति केवल पुण्य कर्मों और हरि की भक्ति से ही श्रेष्ठ हो सकता है। सब मनुष्य को ईश्वर ने एक ही पवन, एक ही जल, एक प्रकाश से जीवन दिया है। सबके अन्दर एक ही तरह का रक्त है, सबका शरीर हाड़, मांस और नाड़ी का एक पिंजर है, जिसमें जीव रूपी पंक्षी बसेरा करता है। इस संसार में मेरा और तेरा कुछ भी नहीं है, केवल मेरा और तेरा का भाव तभी तक है, जब तक पंक्षी रूपी जीव पिंजरे रूपी शरीर में निवास करता है–

जल की भाँति पवन का थम्भा, रक्त बूँद का गारा।
हाड़–मांस नारी को पिंजर, पंखी बसै बिचारा।।
प्रानी किया मेरा, तेरा, जैसे तरुवर पंखि बसेरा।
मेरी जाति कमीनी, पाँति कमीनी, ओछा जनम हमारा।
तुम सरनागत राजा रामचन्द्र, कहि रविदास चमारा।।

वे कहते हैं– जाति–पाँति, ऊँच–नीच, गरीब–अमीर के भाव का महारोग मानव, मानव को एक नहीं होने देता और यह दुर्भाव मानवता को विनाश की ओर ले जाती हैं–

जाति–पाँति के फेर महि , उरझि रहइ सभ लोग।
मानुषता कूँ खात हइ, रविदास जात कर रोग।।

सतसंग में इतना बल है कि चन्दन के सम्पर्क में आकर अरंडी का पेड़ भी सुगन्धित हो जाता है। उसी प्रकार साधुओं के सत्संग और हरि के भजन से निम्नकुल में जन्मे रविदास भी उत्तम सद्विचारों वाले सन्त और भक्त हो गये। सत्संग द्वारा अर्जित भक्ति और ज्ञान से उन्हें हरि का सानिध्य प्राप्त हुआ –

तुम चन्दा हम अरंड बापुरो, संग तुम्हारे बासा।
नीच रूख तैं ऊँच भयो है, गंध सुगंध निवासा।।
माधउ सत संगत सरन तुम्हारी, हम अवगुन तुम उपकारी।।
जाती ओछी, पाती ओछी, ओछा जनम हमारा।
राजा राम की सेवन कीन्हीं, कहि रैदास चमारा।।

निष्कर्षतः कहा जा सकता है कि सन्त रविदास के विचार प्रगतिशीलता से सम्पृक्त हैं। वंचित समाज से होते हुए भी उन्होंने अपने कर्मबल एवं चरित्रबल से विषमता से भरे हुए समाज में स्वयं को प्रतिष्ठित किया और सन्त शिरोमणि के पद से विभूषित हुए। समत्व की भावना के समर्थक सन्त रैदास ने अतार्किक, अमानवीय एवं संकीर्ण विचारधाराओं का पुरजोर विरोध किया और सर्वकल्याणकारी उदात्त विचारों को प्रतिष्ठित किया । उन्होंने तद्युगीन सामाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक एवं आर्थिक विशृंखलताओं, तथा उच्छृंखलताओं को पहचान कर उसका निवारण करने का सद्प्रयास किया। वर्तमान में सामाजिक विघटन एवं मानवीय मूल्यों के क्षरण के मूल में कमोवेश वही कारण हैं, जो सन्त रविदास के समय में थे। आज परिवेश और परिस्थितियों के बदलने के साथ–साथ सामाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक, आर्थिक स्वरूप में भी परिवर्तन हुआ है, किन्तु विघटन के मूल में छल–छद्म, स्वार्थलोलुपता, कटुता वर्चस्व की दुर्भावना, सत्तालोलुपता एवं मानसिक विकृतियाँ आज भी कमोवेश वैसी ही हैं, जैसे पहले विद्यमान थीं। अतः सन्त रविदास के सात्विक विचार न केवल तद्युगीन समाज के लिए अपितु वर्तमान समाज के लिए भी प्रासंगिक हैं। सृष्टि में शाश्वत प्रगतिशीलता एवं मानवीय मूल्यों के संरक्षण के लिए सन्त रविदास के विचार सर्वथा अनुकरणीय हैं।

NAAC 3rd Cycle B Grade

# भारतीय संस्कृति के सन्दर्भ में संत कबीरदास का सामाजिक दृष्टिकोण

डॉ० अब्दुल लतीफ
असिस्टेन्ट प्रोफेसर, हिन्दी विभाग

महात्मा कबीर का युग ऐसे शासकों का युग था जों विधर्मी थे। जो भारतीय संस्कृति को अपने अनुसार परिवर्तित करना चाहते थे। भारतभूमि जिसने न जाने कितने धर्मो एवं संस्कृतियों को अपने में समेट लिया था, उसी भारत की पवित्र भूमि को यह शासक रक्त की प्यास व कटटरता से अपवित्र कर रहे थे। इन विधमर्मियों के घात प्रतिघात सहने के लिये हिन्दू धर्म के पंडितों ने उसे इतना कटटर, बाहाडम्बर व कर्मकाण्डों से परिपूर्ण कर दिया था। ऐसे समय में सामाजिक स्थिति तो जर्जर थी ही साथ साथ राजनैतिक व आर्थिक स्थिति भी उतनी ही धाराशाही प्रतीत होती थी। इस समय हिन्दु–मुसलमानों का संघर्ष चलता ही रहता था, चाहे आक्रमणों के पीछे कितना ही छोटा कारण क्यों न हो? आन्तरिक फूट के कारण देश की एकता कमज़ोर हो रही थी। राजपूतों की साहसिक गाथाएं, जिनसे देश की जनता को प्रेरणा मिलती थी वह समाप्त हो रही थी। ऐसी परिस्थितियों में कबीर ने समाज की आन्तरिक व बाह्य प्रवृत्तियों पर एक साथ चोट की, जिसे समाज कभी भूल नहीं सकता। ऐसा माना जाता है कि कबीर निरक्षर थे किन्तु फिर भी उनमें स्वानुभूत ज्ञान व प्रेम का अक्षय भण्डार था। उनकी वाणी में सांस्कृतिक परम्परा का मधुर पुट था।

एक विशेष बात यह है कि सामाजिक विकृति का अनुभव तुलसीदास को भी था। उन्होंने रामचरितमानस के उत्तरकांड में कलियुग के माध्यम से तथा कवितावली और दोहावली आदि अन्य रचनाओं में समाज में व्याप्त कुरीतियों, आडम्बरों, पाखण्ड, नैतिक पतन आदि का विस्तृत विवरण भी दिया है और रामराज्य के माध्यम से आदर्श सामाजिक परिवारिक व्यवस्था की कल्पना भी की किन्तु उनकी वाणी में वह आक्रोश नहीं है, वह विद्रोही भावना नहीं है जो इन संतों की वाणी में पाई जाती है। इसका कारण जन्मजात या जातिगत अन्तर हो सकता है। सम्भवता यही कारण है कि तुलसीदास परम्परा से जुड़े हैं जबकि कबीरदास ने **'पुस्तकलेखी'** की अपेक्षा **'अनुभवदेखी'** पर बल दिया।

उन्होनें कहा– **तू कहता कागज़ की लेखी, मैं कहता आखिन की देखी।**
**मैं कहता सुरझावन हारी, तू राखा उरझावन हारी।।**

कबीर कहते हैं– मनुष्य में विभेद करने वाले लोगों! तुम परमात्मा की असीम महिमा को जानते हुये भी उसे भूल जाते हो? वह सर्वव्यापी है। वह प्रत्येक के हृदय में बसा हुआ है। एक ही परमात्मा ने समस्त संसार को बनाया है, अतः दूसरे की निन्दा कर तुम प्रभु को ही निन्दित करते हो। समस्त संसार उसी एक ज्योति से प्रकाशित है तो फिर भला अच्छा और बुरा, उच्च और निम्न का भेद कैसा? कबीर ने कहा–

**लोका जानि न भूलौ भाई।**
**खालिक खलक–खलक में खालिक सब घटि रहयौ समाई**
**अला एकै नूर उपनाया, ताकि कैसी निन्दा।**
**जे नूर ते सब जग कीया कौन भला को मन्दा।**



☞ वृक्ष अपने सिर पर गरमी सहता है पर अपनी छाया में दूसरों का ताप दूर करता है। – तुलसीदास

हमारी भारतीय संस्कृति की विशेषता है– राष्ट्रीय एकता। सन्त कबीर उसी सर्व धर्म समभाव के समर्थक थे। उनके अनुसार राम–रहीम, केशव, अल्लाह सब एक हैं। बिस्मिल्लाह और विश्वम्भर एक ही परमात्मा के बोधक हैं। कबीर कहते हैं कि भेदपूर्ण आचरण प्रत्येक मनुश्य को अलग एवं ऊॅच–नीच दिखाने के लिये किया जाता है। अरे मनुष्य तू उचित मार्ग का आलम्बन कर, क्योंकि ऊपर–नीचे, अत्र–तत्र–सर्वत्र वही सर्वशाक्तिमान परमात्मा का वास है। हिन्दू मुस्लिम ही नहीं बल्कि प्रत्येक मनुष्य का निर्माता वही है–

**हमारे राम रहीमा करीमा केसो, अल्लाह रॉग सति होई।**
**बिसमिल मेटि विसंभर एकै और न दूजा कोई।।**

कबीर धन संचय के विरूद्ध थे। उन्होंने आदर्श गृहस्थ को इससे सतर्क किया है क्योंकि इससे मनुष्य सांसारिक जंजाल में उलझकर रह जाता है। वे कहते हैं–

**पानी बाढ़े नाव में, घर में बाढ़े दाम।**
**दोनो हाथ उलीचिए, यही सज्जन का काम।।**

इतना ही नहीं वे केवल गृहस्थ को ही नहीं बल्कि सभी मनुष्य को संग्रह करने से मना करते हैं और अर्जित धन को दूसरे की सहायता में खर्च करने की सलाह देते हैं। वे कहते हैं कि सज्जन पुरुष उसी प्रकार धन संचय नहीं करते जिस प्रकार वृक्ष कभी फल नहीं खाता और नदी कभी जल संचय नहीं करती। दोनों ही परार्थ हित कार्य में संलग्न रहते हैं– **वृक्ष कबहु नहिं फल भजैं, नदी न संचे नीर।**
**परमारथ के कारने, साधुन धरा शरीर।।**

नारी के प्रति सभी संत कवियों का दृष्टिकोण निन्दनीय था। उन्होंने केवल उसके कामिनी एवं व्यभिचारिणी रूप की निन्दा की। कबीरदास जी ने कामिनी नारी को काली नागिन के समान बताया है। कबीर कहते हैं– पराई पत्नी और पराई सुन्दरी के आकर्षक प्रभाव से विरला ही मुक्त होता है। यह सर्वविदित है कि नारी निन्दा से कबीर का तात्पर्य काम और विषय–वासना से है इसलिए उन्होंने नारी को नरक का कुंड कहा है–

**नारी कुड नरक का विरला थबै वाग।**
**कोई साधु जन ऊबरै, सब जग मूवा लाग।।**

इसका अर्थ यह नहीं है कि कबीर के हृदय में नारी के प्रति सम्मान नहीं था। जब बात आती है– पतिव्रता नारी की, उसके आदर्श स्वरूप की तो वह कह उठते हैं– कि पतिव्रता नारी काली, कुचित कुरूप होते हुये भी रूप और सौन्दर्य से युक्त अधम नारी से उत्तम है।

उन्होंने कहा– **''पतिव्रता मैली भली, काली कुचित कुरूप।''**

निष्कर्ष रूप में कहा जा सकता है कि संत कबीर अपने समय के कबीर थे। उनके संदेश में जितनी गहराई है उनके शब्दों में जितनी मर्मस्पर्शिता है। उनके काव्य में जितना रस है उतनी ही अभिव्यक्ति उनकी अनुभूति में है। यही कारण है कि आडम्बर भरे सम्पूर्ण जगत के विरोधी, कबीर का विरोध करके भी कुछ न कर सके। समाज उनका बहिष्कार करके भी छोड़ न सका। रामानन्द उन्हें ठोकर लगाकर भी ठुकरा न सके लेकिन दु:ख की बात यह है कि हिन्दू और मुसलमान उन्हें अपनाकर भी उनके सिद्धान्तों को आज तक नहीं अपना सके। सम्भवता: प्रत्येक दिव्यात्मा का अंत ऐसा ही होता है, और कबीर भी उसके अपवाद न थे।



☞ **प्रत्येक कार्य अपने समय से होता है उसमें उतावली ठीक नहीं,**
**जैसे पेड़ में कितना ही पानी डाला जाय पर फल वह अपने समय से ही देता है। – वृंद**

# मेरे वन्य जीव शिक्षक एवं पर्यावरण संरक्षक बनने की कहानी

डॉ० नरेश कुमार
असिस्टेन्ट प्रोफेसर, जंतुविज्ञान विभाग





वन्य जीवन से मेरा जुड़ाव काफी पुराना है। बचपन से ही जंगल और उनमें रहने वाले प्राणियों से लगाव था, सो बारहवीं जीव विज्ञान विषय से किया और हापुड़ के एस०एस०वी० पीजी कॉजेज से बी०एससी० शुरू की। उसमें पर्यावरण विज्ञान और इकोलॉजी पढे और वन्य जीवन का लगाव और गहरा हो गया। जन्तु विज्ञान विषय से एम०एससी० की और 2003 में अपने कॉलेज में जन्तु विज्ञान पढ़ाने में लग गया। जब विषय चुनने की बात आयी तो इकोलॉजी व वाइल्डलाइफ प्रथम वर्ष के लिए और जैव विकास को तृतीय वर्ष व एम0एससी0 में मैंने सबसे पहले चुना लिया। घूमने का शौक तो बचपन से था ही, एम0एससी0 में एजूकेशन टूर होने से यह और गहरा हो गया। तब जंगल जाना कभी कभार ही होता था। 2004 में अपने विभाग के ही डॉ. ए.के. गुप्ता जी से पीएच0डी0 करने का आग्रह किया तो वो मान गये और शोध के लिए गुरू मिल गये। इत्तफाक से उन्हें भी घूमने का बहुत शौक था सो हमें भी कई बार बाहर जाने का मौका मिल ही गया। क्योंकि विषय जीव विज्ञान था तो भारत के करीब–करीब सभी राष्ट्रीय उद्यानों की जानकारी थी, परन्तु किसी से गहरा लगाव नहीं था। पहले कभी एक–दो बार कॉर्बेट गया था पर कोई जान पहचान नहीं थी तो बड़ी परेशानी से जंगल से जुड़ी जानकारी मिल पाती थी, बस घूमकर लौट आये थे। 2009 में शोध पूरा हुआ तो पुराना वन्यजीवन का लगाव फिर से जाग उठा। अब काम करने की स्वतन्त्रता और बढ़ गयी तो सोचा क्यों न अपना जंगल का शौक संरक्षण में बदल दिया जाये। अपने कॉलेज के छात्रों के साथ मिलकर ''वन्यजीव संरक्षण प्रोग्राम'' शुरू किया। अब हर साल कुछ छात्र प्रोग्राम से जुड़ते और हम उन्हें लेकर कॉर्बेट व राजाजी जाने लगे। 2011 के अक्टूबर महीने में जब हम कॉर्बेट गये तो हमारे एक मित्र नन्दन मेहता से हमने वन्यजीव में शोध की इच्छा जाहिर की। नन्दन रामनगर में रहते थे और जंगल सफारी उपलब्ध कराया करते थे। उनके मुख से पहली बार मैंने श्री सतीश चन्द्र उपाध्याय जी का नाम सुना और जैसा नन्दन मेहता ने बताया वे उस समय शोध रेंज में अधिकारी थे, और वन्य जीवन की गहरी जानकारी उन्हें थी। मैंने मन बना लिया कि क्यों न उनसे मिलकर अपनी बात रखी जाये। अगले महीने नवम्बर 2011 में जब मैं दोबारा कॉर्बेट गया तो पहले मैंने अपने कुछ सुझाव तत्कालीन निदेशक श्री रंजन कुमार मिश्र को दिये फिर मैं श्री सतीश चन्द्र उपाध्याय जी का पता पूछते हुए उनके सी.टी.आर. स्थित आवास पर पहुँचा। सूचना भेजने पर उन्होंने अन्दर बुला लिया। मैंने उन्हें पहली बार देखा तो लगा कि रोबिले और सख्त इंसान हैं। कुछ कहने की हिम्मत जुटाई और अपने लिखित सुझाव उन्हें दिये। उन्होंने बड़े ध्यान से वो पढ़े और विस्तार से चर्चा की। इसी बीच याद आया कि मेरी पत्नी, बेटी व तीन छात्र सुमित, मनीष और हर्ष बाहर गाड़ी में बैठे इन्तजार कर रहे थे। मैं बाहर आया, और थोड़ी देर में फिर अन्दर चला गया। लौटते ही श्री उपाध्याय साहब ने पूछा कौन है साथ में ? मैंने कहा, सर पत्नी और बेटी हैं। उन्होंन कहा अरे! उन्हें भी लाइये। मैं संकुचाते हुए बोला, सर सॉरी मुझे आपके स्वभाव की जानकारी नहीं थी। कहीं आप नाराज़ ना हो जाएँ, इसीलिए नहीं लाया। इस पर वो ठहाका लगाकर हँसे और बोले, अरे डाक्टर साहब! वो हमारे भी बच्चे हैं! आप अन्दर लाइये पहले। मुझे बड़ा अचम्भा हुआ। रोबिला और शान्त व्यक्तित्व। मैं अन्दर से खुश होकर बाहर निकला और परिवार को अन्दर ले गया। मुझे अच्छी तरह वो क्षण याद है, जब श्री उपाध्याय जी ने एक अजनबी इंसान को इतना सम्मान दिया, मैं गदगद हो



☞ चापलूसी का जहरीला प्याला आपको तब तक नुकसान नहीं पहुँचा सकता जब तक कि आपके कान उसे अमृत समझ कर पी न जाएँ। – प्रेमचंद

उठा। जब मैंने विस्तार पूर्वक अपना पारिवारिक विवरण व अपने शोध के विचार से उन्हें परिचित कराया। उन्होंने बड़ी जबरदस्त रुचि दिखाई और मुझे कालागढ़ ट्रेनिंग सैन्टर में चल रही दिल्ली विश्वविद्यालय के एक सेवा निवृत्त प्रोफेसर वनस्पति शाखा के महान वैज्ञानिक डॉ0 सी0 आर0 बाबू की कार्यशाला में जाने का सुझाव दिया। मैंने सहमति जताई तो उन्होंने कालागढ़ ट्रेनिंग सैन्टर फोन कर हमारे रहने आदि की व्यवस्था कर दी। हमारी यह पहली मुलाकात थी जब श्री सतीश चन्द्र उपाध्याय जी ने अपने ज्ञानी, मिलनसार और व्यवहार कुशल होने का परिचय दिया। इसके बाद अनेक बार उन्होंने मार्गदर्शन दिया और वन्यजीवन की मेरी जानकारियों को बढ़ाया। मैनें उन्हें अपना वन्य जीवन का गुरु बना लिया और हमारी कार्य स्थली जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क हो गयीं। मैंने वहा के जगंलों, नदियों, पहाड़ों और वन्य जीवों खास तौर पर बाघों के बारे में जानना और समझना शुरू कर दिया और यह क्रम आज भी जारी है।

## समय का महत्व

इमरान अली
बी0ए0 (प्रथम वर्ष)

इंसान अपने दिमाग में जो भी बना सकता है और जिस पर वह विश्वास करता है, वह उसे हासिल कर सकता है। किसी भी व्यक्ति पर पूरी तरह से भरोसा करना ही विश्वास है। किसी भी चीज़ के होने से बहुत पहले ही उस पर भरोसा करना ही विश्वास कहलाता है। विश्वास करना ही किसी उपलब्धि को पाने की ओर पहला कदम है। सब कुछ हकीकत में बदलेगा, अगर आप उन पर भरोसा रखेंगे। अगर किसी काम के बारे में आपको यह लगता है कि वह होने वाला नहीं है तो आप उसको करने की कोशिश ही क्यों करेंगे। हर काम विश्वास के साथ शुरू कीजिए और इससे निर्धारित होगा कि आप उसमें कितनी दूर जाने वाले हैं। किसी भी बात की हर बार पुष्टि हमें विश्वास की ओर अग्रसर करती है और जब विश्वास में गहरी आस्था होने लगती है तब चीजें अपने आप होने लगती हैं। समय सबसे बड़ा है। यदि विद्यार्थी जीवन में समय का सही उपयोग किया जाए तो जीवन में सफलता अवश्य प्राप्त होती है। इसके विपरीत जो विद्यार्थी 'कर लेंगे या पढ़ लेंगे' का दृष्टिकोण रखते हैं, वे असफलता का मुँह देखते हैं। विद्यार्थियों को चाहिए कि वे अपना हर कार्य निर्धारित समय पर या उसके पूर्व ही समाप्त कर लें जिससे बचे हुए समय में दूसरे कामों को करने की रूपरेखा बनायी जा सके।

☞ केवल अंग्रेजी सीखने में जितना श्रम करना पड़ता है उतने श्रम में भारत की सभी भाषाएँ सीखी जा सकती हैं। – विनोबा

# स्वस्थ्य रहने और सफलता प्राप्त करने के मंत्र

डॉ० मोहम्मद नासिर
असि. प्रोफेसर राजनीति विज्ञान

अरस्तु का कथन है कि मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। सामाजिक प्राणी होने के नाते हमारे परिवार, समाज, राष्ट्र एवं विश्व के प्रति कुछ दायित्व हैं, लेकिन हमारा प्रथम कर्तव्य स्वयं के प्रति है क्योंकि जब तक हम स्वयं में सक्षम, स्वस्थ और सफल नहीं होंगे तब तक हम किसी का भी कोई भला नहीं कर सकते।

सफलता का बहुत छोटा सा रहस्य है कि जीवन की प्रत्येक अवस्था में हमें जो भी कार्य या उत्तरदायित्व मिले उसको सर्वोत्तम ढंग से पूरा करने का प्रयत्न करें। आप लोगों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिला है, आप भाग्यशाली हैं क्योंकि उच्च शिक्षा में सकल नामांकन दर केवल 27% है। आप लोगों को यह सौभाग्य प्राप्त है तो इस सौभाग्य को अवसर में बदलने का प्रयास करिए। जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए हमें कुछ नियमों का पालन अवश्य करना पड़ता है और सफलता के लिए सर्वप्रथम हमें अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित करना होगा। खानपान, उचित नींद, मनोरंजन, व्यायाम, योग आदि के द्वारा स्वस्थ शरीर का निर्माण करना हमारा प्रथम कर्तव्य है क्योंकि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है इसलिए स्वास्थ्य की देखभाल करना अति आवश्यक है। अपना सोने एवं जागने का समय निश्चित करें। ज्यादा रात तक न जागें एवं सुबह जल्दी बिस्तर छोड़ें। सुबह उठकर कम से कम 2 गिलास पानी पिएं और व्यायाम अवश्य करें। अपने भोजन में विभिन्न प्रकार की सब्जियां, फल, दूध, दही, अंडे आदि शामिल करें। पर्याप्त जल का सेवन करें। हमेशा एक्टिव रहने का प्रयास करें। अपने मन में किसी प्रकार का बोझ न रखें अपने मन के भावों को किसी विश्वसनीय व्यक्ति के साथ साझा करें। अनुभवी एवं बड़े लोगों के साथ समय व्यतीत करें। अपने को और अपने आसपास के पूरे वातावरण को साफ सुथरा रखने का प्रयत्न करें। मोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स का कम से कम प्रयोग करें।

अपने व्यक्तित्व में उदारता, सहिष्णुता, पंथनिरपेक्षता, न्याय, दयालुता, वैज्ञानिक दृष्टिकोण, राष्ट्रप्रेम, स्त्रियों के प्रति सम्मान, लोगों की सहायता करना और उनकी गलतियों को माफ करना, हमेशा आगे बढ़कर नेतृत्व करने के लिए तैयार रहना आदि गुणों का विकास करने का प्रयत्न करें। इससे न केवल आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी बल्कि आपके व्यक्तित्व में निखार आएगा जिससे आप अपने को अधिक सुखी और संतुष्ट महसूस करेंगे।

कैरियर में सफलता के लिए आवश्यक है कि अपने व्यक्तित्व का मूल्यांकन करें कि मेरे अंदर कौन–कौन से गुण हैं? मेरी शारीरिक, मानसिक और आर्थिक स्थिति कैसी है? मैं किस क्षेत्र के लिए अधिक उपयुक्त रहूंगा? मैं कितना समय अभी आगे पढ़ाई में दे सकता हूं? मेरे माता–पिता मुझे कितना और कहां तक सपोर्ट कर सकते हैं? इसके लिए किसी अनुभवी व्यक्ति से या कैरियर एक्सपर्ट से सलाह भी ले सकते हैं। अपनी स्थिति का मूल्यांकन करने के बाद अपना लक्ष्य निर्धारित करें। सपने बड़े देखें किंतु अगर आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है तो जल्द से जल्द अपने को किसी भी क्षेत्र में सफल बनाकर आत्मनिर्भर बनने की कोशिश करें और उसके बाद अपने मुख्य सपने को पूरा करने का प्रयत्न करें। खुद को व्यवस्थित करें और लक्ष्य के अनुरूप योजनाएँ निर्धारित करें। पढ़ाई का शेड्यूल बनाएँ, अपने क्षेत्र के सफल लोगों के संपर्क में रहें, अपने जैसे लोगों



☞ अवसर तो सभी को जिंदगी में मिलते हैं किंतु उनका सही वक्त पर सही तरीके से इस्तेमाल कितने कर पाते हैं? – संतोष गोयल

का एक समूह बनाएँ और लक्ष्य प्राप्त करने के लिए साथियों से परिचर्चा करें, किंतु समय बर्बाद करने वाले साथियों से दूर रहें। मल्टी टास्किंग से दूर रहें, केवल अपने लक्ष्य पर फोकस करें, खुद को चुनौती दें और निर्धारित समय में अपने प्रत्येक कार्य को पूरा करने का प्रयत्न करें।

जो भी कार्य करें पूरी लगन, ईमानदारी और मेहनत से करें। अपने कार्य में महारत हासिल करने का प्रयत्न करें, कठोर परिश्रम की आदत डालें और हमेशा अनुशासन में रहें, साथ ही माता–पिता और गुरुजनों का कहना मानें। जो भी पढ़ें उसका लिखकर अभ्यास अवश्य करें। आत्मविश्वास और दृढ़ता बनाए रखें कि मुझे सफल अवश्य होना है, समय का महत्व समझें और निरंतर प्रयत्न करते रहें, हमें यह याद रखना है कि किसी भी स्थिति में हार नहीं माननी है, निरंतर कर्म करते रहना है।

ईश्वर किसी की भी मेहनत को खराब नहीं करते, कर्म का फल अवश्य मिलता है, भले ही समय अधिक लगे इसलिए सदैव आशावादी, प्रसन्नचित्त और कर्तव्यनिष्ठ बने रहिए।

## क्योंकि वो लड़की थी

सानिया सिददीकी
बी0काम0 (द्वितीय वर्ष)

एक लड़की की उसके सपनों से जुदाई थी,
आगे की दुनिया उसने अपनी पिंजरे में पाई थी।
जब की उसने आज़ादी की माँग,
तो बात उसके किरदार पर आई थी।
चंद लड़कों से बात करके उसने घर की इज़्जत गिराई थी।
काट के पंख, पिंजरे में उसे गिराया था,
पहना के सलवार सूट, गृहस्थी बसाना सिखाया था,
ना वो कभी रोई थी, ना उसने कभी किसी को रुलाया था,
पर ज़िंदगी के इस सफर में पहली बार खुद को अकेला पाया था।
''लड़की हो, अपनी हद में रहो,'' यह सबने सिखाया था।
यही समझकर उसने अपने आपको जिंदा लाश बनाया था।



☞ विजय गर्व और प्रतिष्ठा के साथ आती है पर यदि उसकी रक्षा पौरुष के साथ न की जाय तो अपमान का जहर पिला कर चली जाती है। – मुक्ता

NAAC
3rd Cycle
B Grade

# आदतों का महत्त्व

डॉ० खुशबू
असि. प्रोफेसर मनोविज्ञान

"आप अपना भविष्य नहीं बदल सकते हैं, लेकिन आप अपनी आदतें बदल सकते हैं और आपकी आदतें अवश्य ही आपका भविष्य बदल देंगी" – **डा. ए. पी. जे. अब्दुल कलाम**

इस सम्बन्ध में देश के पूर्व राष्ट्रपति एवं सबके चहेते डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम द्वारा यहां तक कहा गया है कि अगर आप अपना भविष्य बदलना चाहते हैं तो अपनी आदतों में बदलाव करिए, अवश्य ही आपका भविष्य वैसा होगा जैसा आप चाहते हैं। आदतों का महत्व स्कूल और कॉलेज जीवन में बहुत होता है। इस समय आदतों को बनाना बहुत महत्वपूर्ण होता है क्योंकि यह आगे जाकर हमारे व्यवहार का हिस्सा बन जाती हैं और हमारे व्यक्तित्व को प्रभावित करती हैं। अच्छी आदतें समय पर काम करने, अध्ययन करने, स्वस्थ खाने के साथ–साथ अन्य बहुत से चीजों को संभव बनाती हैं। अच्छी आदतों के साथ जीवन सुखद और सफल होता है जबकि बुरी आदतें हमारे जीवन को दुखद और असफल बनाती हैं। जैसा कि हम सभी जानते हैं कि किसी आदत को छोड़ना या बदलना बहुत मुश्किल होता है, इसलिए आदतों को अच्छा और सकारात्मक बनाना बहुत महत्वपूर्ण है।

**बड़ी सफलता को पाने के लिए एक छोटी शुरुआत करें**

जब कोई व्यक्ति अच्छी सेहत पाना चाहता है या फिट रहना चाहता है तो वह एक दिन के व्यायाम से या खान–पान पर नियंत्रण कर उसे प्राप्त नहीं करता बल्कि हर दिन की एक छोटी सी कोशिश से व्यक्ति एक दिन अपनी इस इच्छा को पूरी कर पाता है। ऐसे ही व्यक्ति एक छोटे प्रयास से जीवन में बड़े बदलाव ला सकता है, चाहे वह जीवन के किसी भी क्षेत्र में हो। आज की भागदौड़ और चकाचौंध भरी ज़िन्दगी में हर व्यक्ति जीवन में कुछ बड़ा चाहता है, सबकुछ पा लेना चाहता है, बड़े सपने देखता है जो कि देखना भी चाहिए, परन्तु वह खुद से यह सवाल कभी नहीं पूछता कि अभी वर्तमान में वह ऐसा क्या कर सकता है जिससे वह अपने सपनों की ओर एक कदम आगे बढ़ जाए। जो व्यक्ति ऐसी सोच रखते हैं असल में वो ही कामयाब होते हैं ।

**आपकी पहचान आपकी आदतों से बनती है**

आदतों को बदलना इतना मुश्किल क्यों लगता है? ऐसा शायद इसलिए है क्योंकि हम गलत तरीके से उसे बदलने की कोशिश करते हैं। जीवन में किसी भी चीज़ को बदलने के तीन मुख्य कारण होते हैं– पहला अपनी किसी मनचाही चीज़ को पाने के लिए, दूसरा जो भी काम आप कर रहे हैं उसे करने में आपको मजा आ रहा है या नहीं और तीसरा आपको बदलाव की आवश्यकता इसलिए है जिससे कि आप अपने आदर्श व्यक्ति की तरह बन सकें । जब आप पहले दो कारणों से अपनी आदतों को बदलना चाहते हैं तो वह बहुत लम्बा नहीं चल पाता है जबकि जब आप तीसरे कारण से अपनी आदतों में बदलाव करना चाहते हैं तो वह ज्यादा असरदार होता है। अपनी आदत में बदलाव को अपनी पहचान से जोड़ कर देखने पर उन्हें बदल पाना ज्यादा आसान होता है।

**अच्छी आदत बनाने के 4 आसान तरीके**

जब भी आप कोई आदत बदलना चाहते हैं तो खुद से ये 4 सवाल जरूर पूछें –

1. मैं इसे कैसे बदल सकता हूँ ? कौन से छोटे–छोटे स्टेप्स मैं इसे बदलने के लिए अभी ले सकता हूँ?
2. मैं कैसे इस प्रक्रिया को आकर्षक बना सकता हूँ ताकि इसे करने में मुझे बोरियत न हो बल्कि मजा आये?
3. मैं कैसे इसे आसान बना सकता हूँ ताकि इसे अपने जीवन का हिस्सा बना सकूं?
4. मैं कैसे इसे संतोषजनक बना सकता हूँ ताकि मुझे अन्दर से खुशी मिले?

इस तरह से आदतों का मुख्य उद्देश्य ही आपके जीवन को आसान और बेहतर बनाना है, इसलिए उन्हें बदलें।



☞ धैर्यवान मनुष्य आत्मविश्वास की नौका पर सवार होकर आपत्ति की नदियों को सफलतापूर्वक पार कर जाते हैं। – भर्तृहरि

NAAC
3rd Cycle
B Grade

# जब मानव-मानव को न समझा

डॉ० वन्दना शर्मा
असि० प्रोफेसर अर्थशास्त्र

पुष्प–पुण्य पर विचरा भँवरा सुरभित सौरभ को न समझा।
असमंजस में जीवन बीता मानव, मानव को न समझा।।
स्थितियाँ और परिस्थितियाँ इस कलयुग में कुछ ऐसी बनीं।
अन्तर के दानव को मानव, मानव दानव को न समझा।।
आकर्षित करते जब दुर्गुण तन–मन–धन सब लुट जाते हैं।
माया तो आनी जानी है, मैं धन वैभव को न समझा।
संगति से व्यसनों में फँस कर निज स्वास्थ्य की भेंट चढ़ा बैठा,
जीवन की घड़ियों को घटना–घटते गौरव को न समझा।
जब भी चारित्रिक पतन हुआ, बदली परिभाषा जीवन की,
निज स्वार्थ सिद्धि में प्राणी क्यूँ पांडव कौरव को न समझाा।
भ्रष्टाचारी, लोलुप, लंपट, लक्ष्मी का केवल लक्ष्य लिए,
दरिद्र, दुखी, दारूण, दायक झूठे नायक को न समझा।
ऐ ''वीर' तुम्हें सौगन्ध मेरी छवि अपनी सदा उज्ज्वल रखना,
यह सोच के तुम पछताओगे कि मन कलंक को न समझा।

NAAC
3rd Cycle
B Grade

# राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एक परिचय)

आमिर खान
एम.ए. प्रथम वर्ष

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 दिनांक 10 सितम्बर 2013 को अधिसूचित किया गया, जिसका उद्देश्य एक गरिमापूर्ण जीवन जीने के लिए लोगों को वहनीय मूल्यों पर अच्छी गुणवत्ता के खद्यान्न की पर्याप्त मात्रा उपलब्ध करते हुए उन्हें मानव जीवन –चक्र में खाद्य और पोषणीय सुरक्षा प्रदान करना है। इस अधिनियम में लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली (टीपीडीएस) के अंतर्गत राज्य सहायता प्राप्त खाद्यान्न प्राप्त करने के लिए 75 प्रतिशत ग्रामीण आबादी और 50 प्रतिशत शहरी आबादी को सम्मिलित किया गया है। इस प्रकार लगभग दो–तिहाई आबादी राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अन्तर्गत लाभान्वित की जाएगी। पात्र व्यक्ति चावल/गेहूँ/मोटे अनाज क्रमशः 3/2/1 रूपये प्रति किलोग्राम के राज्य सहायता प्राप्त मूल्यों पर 5 किलोग्राम खाद्यान्न प्रति व्यक्ति प्रति माह प्राप्त करने का हकदार है। मौजूदा अंत्योदय अन्न योजना परिवार, जिनमें निर्धनतम व्यक्ति शामिल हैं, 35 किलोग्राम खाद्यान्न प्रति परिवार प्रति माह प्राप्त करते रहेंगे।

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अन्तर्गत पात्र गृहस्थी और अन्त्योदय योजना के राशनकार्ड सम्मिलित हैं। पात्र गृहस्थी राशन कार्ड के अन्तर्गत 2 किग्रा0 चावल व 3 किग्रा0 गेहूँ प्रति यूनिट की दर से वितरित किया जाता है। जबकि अन्त्योदय राशनकार्ड के अन्तर्गत 35 किग्रा0 खाद्यान्न प्रति कार्ड वितरित किया जाता है। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अन्तर्गत खाद्यान्न का वितरण ई0पोस मशीन के माध्यम से किया जाता है। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अन्तर्गत सभी लाभार्थियों को आधार प्रमाणीकरण के द्वारा ही उनका राशनकार्ड बनाया जाता है। पूर्व में कई राशनकार्ड डुप्लीकेट चल रहे थे जिसकी संदिग्धता का कोई अनुमान नहीं हो पा रहा था। इस प्रकार की समस्या तथा खाद्यान्न का दुरुपयोग रोकने हेतु आधार प्रमाणीकरण की आवश्यकता हुई। जिसके द्वारा खाद्यान्न की कालाबाज़ारी तथा उचित वितरण सम्भव हो पाया। इस योजना से जहाँ एक ओर लाभ हुए हैं वहीं दूसरी ओर इस योजना में कई प्रकार की समस्याएँ भी देखने को मिल रही हैं। जैसे खाद्यान्न का वितरण ई0पोस मशीन के माध्यम से किया जाता है तो वृद्व लोगों के अंगूठों के निशान न आने के कारण उन्हे खाद्यान्न का वितरण न हो पाना, कभी–कभी ई0पोस मशीन में सर्वर न आने के कारण भी वितरण समय पर न हो पाना आदि समस्याएँ भी देखने को मिल रही हैं। कुछ कोटेदारों द्वारा निर्धारित सीमा से कम खाद्यान्न दिये जाने की भी समस्याएँ देखने को मिल रही हैं। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अन्तर्गत राशनकार्ड ऑनलाईन माध्यम से प्राप्त किये जा सकते हैं। जिसे विभागीय वैबसाईट fcs.up.gov.in पर देखा जा सकता है। वर्तमान में उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 का सफल संचालन खाद्य एवं रसद विभाग, उ0प्र0 द्वारा किया जा रहा है। जिसमें प्रत्येक जनपद में जिला पूर्ति कार्यालय होता है, जिसके अन्तर्गत जनपद के प्रत्येक तहसील व ब्लाक स्तर पर पूर्ति निरीक्षक तैनात किये जाते हैं, जो अपने क्षेत्र का संचालन देखते हैं तथा उक्त रिपोर्ट अपने सम्बन्धित जनपद के जिला पूर्ति कार्यालय को देते हैं। प्रत्येक पूर्ति निरीक्षक के साथ एक पूर्ति लिपिक भी तैनात होता है जो राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम से सम्बन्धित कार्य में पूर्ति निरीक्षक की सहायता करते हैं। वर्तमान में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अन्तर्गत कोविड–19 से लेकर वर्तमान समय तक सरकार द्वारा खाद्यान्न का वितरण निःशुल्क किया जा रहा है। वर्तमान समय में पूरे उत्तर प्रदेश में 3.61 करोड़ राशनकार्ड तथा 15.05 करोड़ लाभार्थी राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अन्तर्गत खाद्यान्न का लाभ प्राप्त कर रहे हैं जिसके अन्तर्गत वर्तमान समय तक 7.59 लाख मी0 टन राशन वितरण किया जा चुका है।

NAAC
3rd Cycle
B Grade

# जूठन : एक समीक्षा

अजेन्द्र कुमार
शोधार्थी–हिन्दी विभाग

हिन्दी में दलित साहित्य के विकास में ओमप्रकाश वाल्मीकि की महत्वपूर्ण भूमिका है। ओमप्रकाश वाल्मीकि उन शीर्ष साहित्यकारों में से एक हैं जिन्होंने अपने सृजन से साहित्य में सम्मान व स्थान पाया है। वे बहुमुखी प्रतिभा के धनी व्यक्ति थे। वाल्मीकि जी ने अपनी प्रतिभा और योग्यता के दम पर मर्मस्पर्शी आत्मकथा लिखी है। जिसका नाम 'जूठन' है। 'जूठन' जिस मनोस्थिति में लिखा गया है, अथवा जिस तरह इसकी विषयवस्तु है इसकी प्रासांगिकता कल कितनी थी और आज कितनी है? एक दलित होने के नाते उसकी आत्मव्यथा क्या है? इन सब बातों पर गौर करने से पहले हमें इसके लेखक वाल्मीकि जी के जीवन पर नजर डालनी होगी। ओमप्रकाश वाल्मीकि का जन्म 30 जून 1950 को ग्राम बरला, जिला मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश में हुआ और 17 नवंबर 2013 को देहरादून में निधन हो गया। वैसे इनका जन्म भी हर साधारण बालक की तरह ही हुआ था, पर समाज के अन्त्यज वर्ग में पैदा होने के कारण शायद इनको वे आधारभूत सुविधाएँ नहीं मिलीं जो और किसी बालक को मिलनी चाहिए थी। उनका बचपन सामाजिक एवं आर्थिक कठिनाइयों में बीता। पढ़ाई के दौरान उन्हें अनेक आर्थिक , सामाजिक और मानसिक कष्ट व उत्पीड़न झेलने पड़े। वाल्मीकि जी जब कुछ समय तक महाराष्ट्र में रहे तो वहाँ दलित लेखकों के संपर्क में आए और उनकी प्रेरणा से डॉ. भीमराव अंबेडकर की रचनाओं का अध्ययन किया।

**जूठन के माध्यम से लेखक की पीड़ा की अभिव्यक्ति :–** आज भी जिस शब्द को उच्च वर्ण के लोग गाली की तरह उपयोग करते हैं, ऐसे वर्ण या जाति में ओमप्रकाश वाल्मीकि जी का जन्म हुआ था। इस वर्ण में पैदा होना ही उस समय भारत देश में सबसे बड़ी गलती मानी जाती थी जहां दलित परिवार के लोगों को इंसान नहीं समझा जाता था। इसी की अभिव्यक्ति 'जूठन' आत्मकथा के माध्यम से हुई है। इस ''आत्मकथा'' के बारे में खुद ओमप्रकाश वाल्मीकि कहते हैं– ''दलित जीवन की पीड़ाएँ असहनीय और अनुभवदग्ध हैं। ऐसे अनुभव जो साहित्यिक अभिव्यक्तियों में स्थान नहीं पा सके। जद्दोजहदके बाद मैंने सिलसिलेवार लिखना शुरू किया। तमाम कष्टों, यातनाओं, उपेक्षाओं, प्रताड़नाओं को एक बार फिर जीना पड़ा। उस दौरान गहरी मानसिक यंत्रणाएँ मैने भोगीं। स्वयं को परत दर परत उधेड़ते हुए। कई बार कुछ लोगों को यह अविश्वसनीय और कितना दुखदायी है यह सब अतिरंजनापूर्ण लगता है।'' जूठन सिर्फ ओमप्रकाश वाल्मीकि की आत्मकथा नहीं, अपितु दलित समाज का भोगा सच है, जहां जाति व्यवस्था की खतरनाक खाई है और वहाँ से आने वाली दर्दनाक चीखें हैं। 'जूठन' जातिगत उत्पीड़न और अतिदलित समाज के संघर्ष का आख्यान है। लेखक का जो दर्द छिपा हुआ है उसे उन्होंने बताते हुए अपने बचपन के दिनों को याद किया है। बचपन के दिनों को बताते हुए वे कहते हैं कि कैसे उनकी माता और पिता दोनों हाड़तोड़ मेहनत करते थे पर उसके बाद भी दोनों समय निवाला मिलना दुष्कर था। उनकी माता कई तथाकथित ऊँचे घरों में झाड़ू पोछे का काम करती थी और बदले में मिलती थीं उन्हें रूखी–सूखी रोटियाँ जो जानवरों के भी खाने लायक नहीं होती थीं। उसी को खाकर गुजारा करना पड़ता था। ऐसे समय में जब किसी सवर्ण के घर बारात आती थी या उत्सव का कोई अवसर आता था तो उस क्षेत्र के

सारे दलित खुश हो जाते थे, क्योकि भोजन के बाद फेंके जाने वाले पत्तलों को उठाकर वे घर ले जाते और उनके जूठन को एकत्र करके कई दिनों तक खाने के काम में लाते। इस घृणित कार्य के बाद भी पेट की भूख शांत होने पर उन्हें थोड़े समय के लिए खुशी ही मिलती थी। भूख का यह–दृश्य सभी दलित आत्मकथाओं में देखा जा सकता है। यह कल्पना की चीज़ नहीं, दलित समाज की हकीकत है।–''पूरी के बचेखुचे टुकड़े–, एक आध मिठाई का टुकडा या थोड़ी बहुत सब्जी पत्तर पर पाकर बाँछे खिल जाती थीं। जूठन चटकारे लेकर खाई जाती थी।" जूठन दलित जीवन की मर्मान्तक पीड़ा का दस्तावेज है। जीवन की सुख–सुविधा और तमाम नागरिक सहूलियतो से वंचित दलित जीवन की त्रासदी उनके व्यक्तिगत वजूद से लेकर घर–परिवार, बस्ती और पूरी सामाजिक व्यवस्था तक फैली हुई है। दलितों के जीवन यथार्थ को लेखक की इन पंक्तियों में देखा जा सकता है।''जोहड़ी के किनारे पर चूहड़ों के मकान थे, जिनके पीछे गाँव भर की औरतें , जवान लड़कियाँ, बड़ी बूढ़ी यहाँ तक कि नई नवेली दुल्हनें भी इसी डब्बावाली के किनारे खुले में टट्टी फरागत के लिए बैठ जाती थीं। रात के अँधेरे में ही नहीं, दिन के उजाले में भी। पर्दों में रहने वाली त्यागी महिलाएँ, घूँघट काढ़े, दुशाले ओढ़े इस सार्वजनिक खुले शौचालय में निवृत्ति पाती थीं। तमाम शर्म–लिहाज छोड़कर वे डब्बेवाली के किनारे गोपनीय जिस्म उधाड़कर बैठ जाती थीं। इसी जगह गाँव भर के लड़ाई–झगड़े गोलमेज कॉन्फरेंस की शक्ल में चर्चित होते थे। चारों तरफ गन्दगी भरी होती थी। ऐसी दुर्गंध कि मिनट भर में साँस घुट जाये। तंग गलियों में घूमते सूअर, नंग–धड़ंग, बच्चे, कुत्ते, रोजमर्रा के झगड़े, बस यही था वह वातावरण जिसमें बचपन बीता। इस माहौल में यदि वर्ण–व्यवस्था को आदर्श व्यवस्था कहने वालों को दो–चार दिन रहना पड़ जाए तो उनकी राय बदल जाएगी।" आत्मकथा की इन प्रारंभिक पँक्तियों से ही इसकी कथा और कथ्य की मार्मिकता का अनुमान लगाया जा सकता है।

दलित बालक ओमप्रकाश वाल्मीकि को चूहड़ा समझकर हेडमास्टर दिन भर झाड़ू लगवाता है। लेखक के शब्दों में –''दूसरे दिन स्कूल पहुँचा। जाते ही हेडमास्टर ने फिर से झाड़ू के काम पर लगा दिया। पूरे दिन झाड़ू देता रहा। मन में एक तसल्ली थी कि कल से कक्षा में बैठ जाऊँगा। तीसरे दिन मैं कक्षा में जाकर चुपचाप बैठ गया । थोड़ी देर बाद उनकी दहाड़ सुनाई पड़ी, अबे, ओ चूहड़े के .....कहाँ घुस गया.....अपनी माँ.....उनकी दहाड़ सुनकर मैं थर–थर काँपने लगा था। एक त्यागी (सवर्ण) लड़के ने चिल्लकार कहा, मास्साब, वो बैठा है कोणे में। हेडमास्टर ने लपकर मेरी गर्दन दबोच ली थी। उनकी उंगलियों का दबाद मेरी गर्दन पर बढ़ रहा था जैसे कोई भेड़िया बकरी के बच्चे को दबोचकर उठा लेता है। कक्षा के बाहर खींचकर उन्होंने मुझे बरामदे में ला पटका। चीखकर बोले, जा लगा पूरे मैदान में झाड़ू....नहीं तो.....में मिर्ची डाल के स्कूल से बाहर काढ़ (निकाल) दूँगा''। स्कूल के मास्टर से लेकर गाँव–घर के सामन्त व सेठ–साहूकार तक सभी दलित जीवन को लीलने के लिए तैयार बैठे थे। 'जूठन' दलित जीवन की मर्मान्तक पीड़ा का दस्तावेज है। जीवन की सुख–सुविधा और तमाम नागरिक सहूलियतों से वंचित दलित जीवन की त्रासदी उनके व्यक्तिगत वजूद से लेकर घर–परिवार, बस्ती और पूरी सामाजिक व्यवस्था तक फैली हुई है। दलितों का जीवन ऐसा था कि किसी सामन्त व सेठ साहूकार को दलितों को नाम से पुकारने की किसी को आदत नहीं थी। उनके संबोधन का तरीका

यह होता था, अगर उम्र में बड़ा हो तो, ओ चूहड़े। बराबर या उम्र में छोटा है तो, अबे चूहडे के! छुआछूत व अस्पृश्यता का एक ऐसा माहौल था कि कुत्ते –बिल्ली, गाय–भैंस या अन्य किसी जानवर को छूना बुरा नहीं माना जाता था। लेकिन यदि चूहड़े (मनुष्य) का स्पर्श हो जाए तो पाप लग जाता था। यानी दलितों का समाज में कोई मान–सम्मान, इज्ज़त, अस्मिता तथा अपनी पहचान कुछ भी नहीं थी – सिवाय चूहड़े के। सामाजिक स्तर पर इनसानी दर्जा खत्म कर दिया गया था। वाल्मीकि जी अपने स्कूल की बात बताते हैं कि कैसे सवर्ण अध्यापक उन्हें बात ही बात में मारते और कहते थे कि भंगी या चमारों के लड़के पढ़ नहीं सकते, क्योंकि इनका जन्म पढ़ने के लिए नहीं हुआ है। मुझे पढ़ के बड़ा आश्चर्य हुआ कि यह बात 1960 के दशक की है, पर इसके लक्षण आज भी हर जगह दिख जाते हैं

दलित विद्यार्थियों का पानी की पर्याप्त मात्रा के बाद भी प्यास बुझाना मुश्किल था, ''परीक्षा के दिनों में प्यास लगने पर गिलास से पानी नहीं पी सकते थे। हथेलियों को जोड़कर ओक से पानी पीना पड़ता था। पिलाने वाला चपरासी भी बहुत ऊपर से पानी डालता था। कहीं गिलास हाथों से छू न जाए।" ऐसे परिवेश में एक ओर सवर्णवादी मानसिकता का विकास होगा तो दूसरी ओर दलित विद्यार्थियों के अंदर हीनता–कुण्ठा का भाव विकसित होगा। अकारण नहीं कि शिक्षित लोग जातिवादी मानसिकता से मुक्त नहीं हो पा रहे हैं। पाठ्यक्रम निर्धारण से लेकर अध्यापकों की नियुक्ति तक जातीय वर्चस्व कायम है। प्रयोगात्मक परीक्षा में भेदभाव अपने चरम पर होता है। बारहवीं कक्षा में ओमप्रकाश को रसायनशास्त्र की प्रयोगात्क परीक्षा में फेल कर दिया जाता है, जबकि सभी विषयों में अच्छे अंक मिले थे।

सामंती व्यवस्था में विलासिता की दृष्टि ज्यादा दिखाई देती है। जिसमें गरीबों को कुचलकर धन इकट्ठा किया ।इस बेगारी में दलितो पर शारीरिक अत्याचार भी होने लगते थे। गरीब दलित शोषण के भाग्य का विधान मानकर अपनी असमर्थता और असहाय व्यवस्था का परिणाम मानकर निरंतर इस चक्र में पिसता रहा। सामंती उच्च वर्ग हर दिन, दलितों की हड्डियों से पैसे निचोड़ते रहे। बेगारी प्रथा ने दलितों के जीवन में अँधेरा भर दिया था। जूठन में भी बेगारी प्रथा का चित्रण आया है। लेखक के पूरे परिवार को माँ से लेकर भाई, सभी को हिन्दू, मुसलमानों के घर में साफ–सफाई करना पड़ता था। गाय, भैंस, बैल का गोबर उठाना पड़ता था। गोबर और मूत्र पूरे दलान में फैलाने पर दुर्गंध होती थी फिर भी उन्हे गोबर ढूँढकर निकालना पड़ता था। इन सब के बदले उन्हें पैसे नही दिए जाते। इस प्रसंग को लेखक व्यक्त करते हैं '' इन सब कामों के बदले मिलता था दो जानवर के पीछे फसल के समय पाँच सेर अनाज यानी लगभग ढाई किलो अनाज। दस मवेशी वाले घर से साल भर मे 25 सेर (लगभग –12,13 किलो (अनाज) दोपहर को प्रत्येक घर में एक बची–खुची रोटी जो खास तौर पर चूहड़ों को देने के लिए आटे में भूसी मिलाकर बनाई जाती थी। कभी–कभी जूठन भी भंगन की टोकरी में डाल दी जाती थी।'' इस प्रकार पूरे साल भर काम करने के बाबजूद 12–13 किलो अनाज दिया जाता था और बात करने का लहजा भी बड़ा क्रूर होता था। फिर भी दलितों ने इतने कष्ट होने के बावजूद अपने आपको बचाकर रखा, यही बड़ी बात है। अतः ओमप्रकाश वाल्मीकि जी ने जातीय अपमान और उत्पीड़न के जीवन वर्णन के माध्यम से एक दलित की आत्मकथा को प्रस्तुत किया है।

NAAC
3rd Cycle
B Grade

# मेरे जीवन में नारी शिक्षा का महत्त्व : मेरे अपने विचार

सानिया बी
एम.ए. प्रथम वर्ष (हिन्दी)

**प्रस्तावना–** किसी भी राष्ट्र के निर्माण में शिक्षा का बहुत बड़ा महत्व है। लेकिन पुरुषों की ही शिक्षा का नहीं सहशिक्षा का।

जिस देश में लोग शिक्षित नहीं होते हैं। वहाँ पर आर्थिक और सामाजिक विकास की कल्पना नहीं की जा सकती। हमारे देश में भी शिक्षा की कमी है। हमारा भारत देश भी पुरुष प्रधान देश है और इसी कारण पुरुष ज़्यादा पढ़े लिखे हैं और महिलाएँ अशिक्षित। महिलाओं को शिक्षा का अधिकार नहीं मिलने के कारण आज शिक्षा के क्षेत्र में कुछ महिलाएँ पिछड़ी हैं और मैं चाहती हूँ कि महिलाओं का यह अधिकार उन्हें मिलना चाहिए ।हर हाल में और मैं इसके लिए निरन्तर प्रयास करती रहूँगी।

**महिलाओं के बारे में लोगों की सोच–** आज के युग में लोग महिलाओं को पुरुषों से कम आँकते हैं। आज की नारी किसी पुरुष से कम नहीं है। खुद मेरे भारत देश में कुप्रथाएँ चल रही हैं। नारी को पराए घर का धन समझा जाता है। लोग कहते हैं पैर की जूती पैर में ही अच्छी लगती है। नारी को पैर की जूती क्यों समझा जाता है? क्यों उससे उसके अधिकार छीन लिए जाते हैं? क्यों वह अपनी मरजी से अपनी ज़िन्दगी नही जी सकती? क्यों उसे समानता का अधिकार नहीं दिया जाता ? क्यों उसे घर की चार दीवारी में कैद करके रखा जाता है? मेरे भारत देश के कुछ लोग कहते हैं कि नारी का शिक्षित होना कोई ज़रूरी नही हैं। अरे क्यों जरूरी नही है? नारी का शिक्षित होना? ज्यादा तो नहीं, लेकिन अभी कुछ लोग हैं जो कहते हैं कि जितना पैसा लड़कियों को पढ़ाने में लगता है, इतने में उनकी शादी हो जाती हैं। क्यों है ये कुविचार? उसकी शादी करके उसे कुएँ में धकेल देते हैं। उसे एक बार नहीं, बार –बार मरने के लिए। अपने स्वार्थ के लिए उसे एक ऐसे बंधन में बाँध देते हैं जहाँ से वह ना तो वापस आ सकती और ना ही आगे जा सकती है।

**आज के युग में भी नारी पर अत्याचार–** आज भी नारी को एक बोझ समझा जाता है। माँ–बाप भी लड़के और लड़कियों में भेदभाव करते हैं। उनका मानना है कि लड़का उनका वंश चलाता है और लडकी पराए घर का धन है। एक बार सोचा है लड़की नही होगी तो वंश कैसे चलेगा ? आज के समय में माँ खुद एक लड़की (नारी) होने के बावजूद भी लड़की पर अत्याचार करती है। जिस परिस्थिति का वह खुद सामना करती है जिस आग में वह खुद जलती है उसी में उसको धकेल देती है।

**विधवा महिलाओं के साथ अत्याचार–** विधवा महिलाओं के साथ लोग अत्याचार करते हैं। विधवा महिला को क्यों सबके साथ रहने का, खुशियाँ मनाने का अधिकार नहीं है। विधवा होना कोई गुनाह है? वह तो ईश्वर की मरज़ी है। ईश्वर की मरजी में कोई कैसे बाधा डाल सकता है। अगर विधवा होना गुनाह है तो पुरुषो के साथ अत्याचार क्यों नहीं होता। 21वीं सदी महिलाओं की सदी है अब महिलाएँ केवल पुरुष की बराबरी ही नहीं अपितु पुरुष से आगे निकालने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं–

**देश की शान के लिए हम कुर्बान होने से डर नहीं सकते।**
**सर कट जाए या रह जाए, उसकी परवाह नहीं करते।**

# कहानी - समीक्षा बहादुर (अमरकान्त)

नीतू

प्रस्तुत कहानी 'बहादुर' अमरकान्त जी की एक चरित्र प्रधान कहानी है। इस कहानी में इन्होनें मध्य एवं निम्न वर्ग की पारिवारिक परिस्थितियों का सजीव तथा यथार्थवादी रूप प्रस्तुत किया है। लेखक ने स्वयं को कहानी का पात्र बनाते हुए कहानी की आत्म कथात्मक रचना की है तथा मध्यम वर्गीय परिवार में नौकर बहादुर के साथ हुए कटु व्यवहार का सुन्दर शब्द चित्र खींचा है। कहानी का नायक असहाय एवं पीड़ित वर्ग का प्रतिनिधि 12–13 वर्ष का एक पहाड़ी बालक बहादुर है जिसका पिता युद्व में मारा गया था। माता द्वारा बात–बात पर पीटे जाने के कारण एक दिन वह किराये के लिए दो रुपये चुराकर घर से भाग जाता है। अपने से सम्पन्न रिश्तेदारों के घर नौकर द्वारा की गई सेवायों को देखकर लेखक की पत्नी निर्मला स्वयं भी नौकर रखना चाहती है। मारा–मारा फिरता हुआ एक लड़का लेखक के साले को मिल जाता है जिसे लेखक की पत्नी अपने घर रखना चाहती है। निर्मला एवं उसके परिवार वाले पहले उससे अच्छा व्यवहार करते हैं। वह भी अपनी बाल सुलभ बातों से उन्हे खूब हँसाता है। साथ ही यथाशक्ति घर के सभी सदस्यों के सारे काम उनकी डाँट–फटकार सुनकर भी आमतौर पर खुशी–खुशी करता है। परन्तु धीरे–धीरे परिवार के प्रत्येक सदस्य का व्यवहार उसके प्रति कठोर होता चला जाता है। निर्मला भी पहले तो बहादुर से अच्छा व्यवहार करती है। परन्तु बाद में उसके प्रति उसका व्यवहार भी बदल जाता है। लेखक का पुत्र किशोर काम करने के बाद भी उसे पीटता और गाली तक देता है। घर आये रिश्तेदारों ने बहादुर पर चोरी का झूठा इल्जाम लगाकर उसे अपमानित किया। एवं गृहस्वामी ने भी उसे मारा , चोरी के झूठे इल्ज़ाम की घटना ने बहादुर के कोमल मन को बहुत आहत किया और वह एक दिन दोपहर को बिना कुछ लिये घर छोड़कर चुपचाप चला गया। बहादुर के द्वारा अपना सारा सामान जिसमें गोलियाँ, पुराने ताश की धनराशि भी छोड़कर पत्थर, ब्लेड, कागज की नावें यहाँ तक कि माँ को भेजने के लिए लेखक के पास तनख्वाह की जमा धनराशि भी छोड़कर चुपचाप चले जाना उसकी बेगुनाही का प्रमाण है। अब परिवार के सभी सदस्य बड़ी तत्परता से उसे ढूँढ़ते हैं, न मिलने पर चिन्तित हो उठते हैं। क्योंकि उसके कारण सब आराम के आदी हो चुके हैं। लेखक स्वयं भी बहादुर की ईमानदारी के आगे स्वयं को बौना महसूस करता है।

NAAC
3rd Cycle
B Grade

# सपनों की उड़ान

महनाज़
बी.एड. द्वितीय वर्ष

मेरे घर के पास थोड़ी दूरी पर मायरा फातिमा नाम की एक मुस्लिम लड़की रहती है। उसके परिवार में सात सदस्य हैं। उसकी दो बड़ी बहनें तथा दो छोटी बहने हैं। जब उसका जन्म हुआ था तब उसका परिवार बहुत समृद्ध और खुशहाल था। उसने अपना बचपन बहुत ही खुशी से व्यतीत किया। लेकिन कुछ समय बाद उसके परिवार की स्थिति खराब हो गयी थी। क्योंकि उसकी माता जी (अम्मी) की तबीयत इतनी खराब हो गयी थी कि उसकी माता जी मरने से बचीं। उन्होंने अपनी माता जी को इलाज करा कर ठीक करवाया। लेकिन आज भी उसकी माता जी पूरी तरीके से ठीक नहीं हो पायी हैं, वो आज भी दवा से अपना जीवन चला रही हैं। इसी बीच मायरा ने हाईस्कूल भी कर लिया। अब मायरा को जीवन में नयी समस्याओं का सामना करना पड़ा क्योंकि मायरा के परिवार में लड़कियों को हाईस्कूल के बाद पढ़ने की अनुमति नहीं थी। लेकिन मायरा को आगे पढ़ना था तथा अपने जीवन में कुछ नया करना था। मायरा को भी उस नियम को मानने के लिए कहा गया, लेकिन मायरा ने हिम्मत नहीं हारी तथा उसने तय कर लिया था कि वह अपने जीवन को ऐसे ही बेकार नहीं जाने देगी। उसने ग्याहरवीं में दाखिला लेने के लिए दो दिन तक कुछ नहीं खाया। एक दिन मायरा के पापा ने मायरा से कहा कि '' बेटी ऐसा नहीं है कि हम आपसे प्यार नहीं करते हैं। हम आपका बुरा नहीं सोच रहे हैं। लेकिन हमारे परिवार में यह नियम बहुत पुराना है। आपकी बड़ी बहनों ने भी हाईस्कूल किया है। मगर कोई नियम आपसे बढ़कर नहीं है। आपकी खुशी सबसे महत्वपूर्ण है। मैं आपका कल दाखिला करवा दूँगा।'' यह सुनकर मानो मायरा के सपनों को पंख मिल गये हों। अब मायरा ने 11 वीं में दाखिला लिया और अपने साथ अपनी बड़ी बहनों का भी 11 वीं में दाखिला करवाया। इसी तरह उनका इण्टर पूर्ण हो गया। मायरा की बड़ी बहन ने शादी के बाद भी अपनी पढ़ाई को जारी रखा तथा आज के समय में वह एक अध्यापिका के रूप में कार्यरत है। लेकिन अब भी मायरा की परेशानी समाप्त नहीं हुई क्योंकि उसे अब स्नातक में दाखिला लेना था, फिर से वही नियम मायरा के सामने था। जब उसने स्नातक में दाखिला लेने को कहा तो उसके बड़े पापा (ताऊजी) ने कहा, ''बेटी मायरा आपने इण्टर कर लिया तो आगे पढ़कर क्या करोगी''? मायरा ने कहा कि मुझे कुछ बनना है ताकि मेरे माता–पिता को यह न लगे कि उनका कोई बेटा नहीं है। मायरा की बात सुनकर बड़े पापा ने कहा कि जहाँ तक पढ़ना है आप पढ़ सकती है। मायरा ने यह भी निर्णय लिया कि वह अपनी पढ़ाई स्वयं करेगी। उसने एक स्कूल में पढ़ाना शुरू कर दिया तथा ट्यूशन भी दी। स्नातक के बाद पी0जी0 किया क्योंकि उसे पीएच0डी0 करनी थी। लेकिन मायरा को पता चला कि पीएच0डी0 के लिए बाहर जाना पड़ेगा तो उसने सरकारी कॉलेज से बी0एड0 किया तथा आज वो एक अध्यापिका के रूप में कार्य कर रही है। अब उसके परिवार में पढ़ाई न करने का कोई नियम नहीं है। उसकी छोटी बहन कांस्टेबल है। मायरा के आस–पास वाले मायरा की बहुत प्रशंसा करते हैं तथा कहते हैं कि वह भी अपनी बेटियों को खूब पढ़ायेंगें।। मायरा के इस प्रयास से सिर्फ उसके परिवार वालों में ही नहीं बल्कि उसके आस –पड़ोस में पढ़ाई का कोई नियम नहीं है। मायरा को समाज में एक परिवर्तन शादी को लेकर करना था कि हमेशा लड़के वाले ही क्यों

शर्ते रखते हैं लड़की वाले क्यों नहीं। लड़की वाले के सामने इतनी शर्ते रखी जाती हैं कि उन्हें अपना सब कुछ बेचना पड़ता है। उसका कहना है कि न मुझे दहेज देना है, न कोई शर्त मानना है। उसे दहेज प्रथा को समाप्त करना है। आज उसकी वजह से उसके परिवार तथा आस–पड़ोस वाले अपनी लड़कियों को बुरा नहीं समझते हैं तथा उन्हे पढ़ाने और आगे बढ़ाने में विश्वास करते हैं।

## पुस्तकों का महत्त्व

इकरा बी
बी.ए. तृतीय वर्ष

''पुस्तकें मित्रों में सबसे शान्त व स्थिर हैं, वे सलाहकारों में सबसे सुलभ व बुद्धिमान हैं और शिक्षकों में सबसे धैर्यवान हैं'' निःसंदेह पुस्तकें ज्ञानार्जन करने, मार्गदर्शन करने एवं परामर्श देने में विशेष भूमिका निभाती हैं। पुस्तकें मनुष्य के मानसिक, सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक, नैतिक, चारित्रिक, व्यावसायिक एवं राजनीतिक विकास में सहायक होती हैं।

महात्मा गाँधी ने कहा है– '' पुस्तकों का मूल्य रत्नों से भी अधिक हैं, क्योंकि पुस्तकें अन्तः करण को उज्ज्वल करती हैं''। पुस्तकें पढ़ने से होने वाले लाभ को देखते हुए कहा है–''पुराने वस्त्र पहनों, पर नई पुस्तकें खरीदो। पुस्तकें ज्ञान का संरक्षण करती हैं। सचमुच पुस्तकें सुख और आनन्द का भंडार होती हैं। जो लोग अच्छी पुस्तकें पढ़ने में जिनकी कोई रुचि नहीं होती वे जीवन की बहुत सी सच्चाइयों से अनभिज्ञ रह जाते हैं। जिन लोगों को पुस्तकें पढ़ने का शौक होता है, वे लोग अपने खाली समय का सदुपयोग पुस्तकों के जरिए ज्ञानार्जन के लिए करते है। विश्व की हर सभ्यता के विकास में पुस्तकों का प्रमुख योगदान रहा है। पुस्तकें शिक्षा प्रदान करने का प्रमुख साधन हैं। पुस्तकों के बिना शिक्षण की क्रिया अत्यन्त कठिन हो सकती है। कई मामलों में तो पुस्तकों के आभाव में शिक्षण की कल्पना भी नहीं की जा सकती इतना ही नहीं, इनसे अच्छा मनोरंजन भी होता है। पुस्तकें जहाँ रहेंगी, वहाँ अपने आप स्वर्ग बन जाएगा, पुस्तकें सचमुच हमारी मित्र हैं।

## लक्ष्य की चाहत

आलिया
बी०ए० तृतीय वर्ष

न जाने आज मैं
किस ओर चल रही हूँ,
अनजानी राहों में
गिरने से संभल रही हूँ।
कदम डगमगाए कितने ही
फिर भी राह में खड़ी हूँ।

मुसाफिर हूँ मैं यारों
लक्ष्य ढूँढने चल पड़ी हूँ।
बाधाएँ हैं लाख आतीं
मैं उनके मुताबिक ढल रही हूँ,
मिले जीत या हार कुछ भी
अब मैं निकल रही हूँ।

चक्रव्यूह भेदने को जग का
मैं अभिमन्यु सा बढ़ रही हूँ,
मुसाफिर हूँ मैं यारों
लक्ष्य ढूँढने चल पड़ी हूँ।

# बचपन की यादें

सलीम अहमद
बी.एड्. द्वितीय वर्ष

मैं और मेरा दोस्त शम्स जिला रामपुर के एक छोटे से गाँव बगड़खा में रहते थे। उनके और मेरे परिवार के बीच घनिष्ठ सम्बन्ध था। हम दोनों का दाखिला पास के एक गाँव अजीमनगर में करा दिया था। मेरी उम्र 6–7 साल और उसकी 8–9 साल थी। हम दोनो सुबह बासी रोटियाँ खाकर जल्दी–जल्दी से दोपहर का खाना टिफिन में रखवा लेते। शम्स की माँ ज्यादातर रोटी के साथ अचार बाँध देती थी। जब हम घर से साइकिल से निकलते थे सारा दिन अपना होता था। उस वक्त मेरे पापा उसके पापा से अमीर थे, किन्तु नई साइकिल उसके पापा ने लाकर दी और मेरे पापा ने पुरानी, क्योंकि उसके पापा की परचून की दुकान थी और मेरे पापा किसान थे।

हमारा स्कूल संत फ्रान्सिस जूनियर हाईस्कूल, अजीमनगर मानो सारे धर्मों की अच्छाईयाँ एवं नियम–कानून अपने अनुशासन में समेटे हुए हो। सुबह उठते ही डर बना रहता था कि स्कूल के लिए लेट न हो जाएँ, वरना पिटाई होगी। स्कूल पहुँचकर साइकिल स्टैण्ड में लगाते और जल्दी–जल्दी भागकर कक्षा में बस्ता रखते और बाहर प्रार्थना में शामिल हो जाते। उसके बाद कक्षा में बैठ जाते तो बस इण्टरवल की घण्टी का इन्तेजार करते कि कब बजे और अपना बासी और ताजा खाना निपटाएँ और स्कूल के दोस्तों के साथ खेलें–कूदें। उसके बाद जब इण्टरवल खत्म हो जाता तो हम कक्षा में बैठकर छुट्टी की घण्टी का इन्तेज़ार करते और छुट्टी होने पर जब घर लौटते तो मानो गाँव वाले सब हमारा इन्तेज़ार कर रहे हों और उन सबके चेहरों पर खुशी छिपाए न छिपती कि ड्रेस में यह बालक कितने सुन्दर और अनुशासित हैं।

जो दिन का समय बचता था, अपने गाँव के बच्चों को इकट्ठा कर कुछ खेल खेलते या कभी–कभी भालू या बन्दर नचाने वाले मदारी के पीछे–पीछे घूमने में अपना पूरा दिन काट देते थे। कभी खेतों की ओर निकल जाते तो कभी गाँव की बैलगाड़ियों में बैठ–बैठकर उसमें चिड्डी खाते, गाड़ी मालिकों के बार–बार मना करने पर भी हम पीछे–पीछे चल देते और जैसे ही उसका ध्यान अपने बैलों को हांकने पर होता और हम गाड़ी के पीछे अपने आप को टिका देते थे उस समय गाड़ीवाला कभी–कभी बहुत ज्यादा गुस्सा हो जाता यहाँ तक की हमें पीट भी देता था, पर हम कहाँ मानने वाले थे, क्योंकि दोस्तों में बहस रहती थी कि कौन ज्यादा देर तक चिडडी खाएगा। वह सब हमारे लिए इतना दिलचस्प था कि मानो आज के सभी प्रकार के सुखद यात्राओं के सुख एक साथ मिल जाएँ तब भी इतना आनन्द न आये।

हमारे गाँव में ही एक झोपड़ी थी जिसके चारों तरफ की दीवारों ने खण्डहर का रूप धारण कर लिया था, जिसमें ताई–ताऊ रहते थे। जिनकी एक बेटी थी, जिसकी शादी हमारे जन्म से पहले ही हो चुकी थी। ताई हमें अपनी झोपड़ी में बड़े प्यार से बैठाती थीं और अपने मटके का पानी लाकर हमें पिलातीं। बीच आँगन में ताई ने कई तरह के पेड़ लगा रखे थे जिनको मैं और मेरे दोस्त अक्सर नुकसान पहुँचा देते थे। जब वह उन पौधों को सींचती थीं हम जबरदस्ती उनके काम में हाथ बँटाते थे। उनके उस समय के आँगन को देखकर लगता था मानों आज की दुनिया की हरियाली उस समय उनके आँगन में थी और वह दुनिया में हरियाली को पालने वाली नायिका हों और उनकी झोपड़ी भी आज के पक्के मकानों को देखकर एक स्वर्ग के सुखों से फलीभूत आनदिन्त प्रतीत होती है।

आज जब भी मैं उस गली से गुजरता हूँ तो वहाँ पर एक पक्का मकान बना हुआ है, किन्तु मुझे आज भी ताई के पौधों की हरियाली की सुगन्ध वहाँ प्रतीत होती है। मन करता है कि मिट्टी को चूम लूँ और दीवारों से लिपटकर रो दूँ और बोलूँ, ताई आप मुझे बहुत याद आती हैं। मेरे जीवन में आपका निःस्वार्थ प्रेम हमेशा चमकता रहेगा।

जब इतवार का दिन आता तो मानो हमारे लिए ईद का दिन होता था। एक बार इतवार के दिन हम खेतों पर निकल गये। शम्स ने अपनी मुट्ठी में कोई चीज़ दबा रखी थी। मैंने हाथ पकड़कर मुट्ठी खोली, उसमें १०० रुपये का नोट था। मैंने खुश होकर पूछा कहाँ से आये इतने पैसे। उसने कहा, मैंने पापा की परचून की दुकान से चुराये हैं। उस वक्त इतने पैसे एक बड़ी रकम होती थी। मेरे लिये १०० रुपये का नोट होना मानो एक सपना जैसा था क्योंकि छमाही में फसल आती थी तो पापा उसको बेचकर कुछ बनिये का कर्ज़ दे दिया करते और कुछ अगली फसल बोने में खर्च कर देते और जो बचते थे उन्हें बड़ी ही मितव्ययिता के साथ छः माह तक घर का खर्च चलाते थे, जिसमें मेरी फीस भी जानी होती थी। आज हमारे पास १०० रुपये थे, हमारे गर्व का अनुमान कौन लगा सकता था! बस इस बात का थोड़ा डर था कि जब उसके घर वालों को पता चलेगा तो क्या होगा। उसने कई बार ऐसा किया है। उसके लिए उसके पिता ने कई बार छोटे–छोटे दण्ड भी दिये हैं। तब मन शान्त हुआ और आनन्द की अनुभूति हो रही थी। अब छः सात दिन घर से खाना कम लेकर जाएँगे क्योंकि वहां पर लाला जी इण्टरवल में छोले बताशे लेकर आते थे। जिन्हें कुछ बच्चे रोज़ाना खाते थे। अब हम भी कुछ दिन के लिए धनवान थे और एक दो बाजार में भी जाकर खर्च कर सकते थे और आज के परिभ्रमण से ज्यादा बाजार में पहुँचकर दो काले रसगुल्ले खाकर आनन्द प्राप्त हो जाता था। बाद में शम्स और मुझे इस चोरी के लिए दण्डित भी किया गया।

मेरे बचपन की ऐसी बहुत सी यादें हैं जो भूले नहीं भूलाये जातीं। वह सब कच्ची टूटी दीवारें, खाली पड़े जगह में पुवाल के बड़े–बड़े ढेर जो रात के समय चोर–सिपाही आदि खेलों में हम उसमें छिपते थे।

आज भी यह सब बातें मानो कल की ही हो ऐसे आँखो के सामने प्रतीत होती हैं। बचपन में कोई चीज नुकसान न देने वाली थी। चाहें वह कितना ही गुड़ खा लो या कच्चे बेर। आज सब कुछ होते हुए भी देखकर खाना पड़ता है कि यह खाना नुकसान तो न देगा। तब के कच्चे बेर आज के प्लेट में रखे सुसज्जित अंगूरों से अच्छे थे उस समय की कच्ची सपड़ी (अमरूद) आज के फ्रिज में रखे बड़े–बड़े अमरूदों से ज्यादा स्वादिष्ट थी। ऐसा था मेरा बचपन।

"मेरा आईना भी मेरी तरह पागल है।
आइना देखने जाऊँ तो मेरा बचपन नज़र आता है।।"

NAAC
3rd Cycle
B Grade

# आदर्श शिक्षक

विकास कुमार रवि
बी.एड. प्रथम वर्ष

प्राचीन काल से भारत की शिक्षा पद्धति गुरु–शिष्य परम्परा की तरह रही है। शिक्षक को गुरु भी कहा जाता है। गुरु शब्द का शब्दिक अर्थ होता है 'अन्धकार से प्रकार की ओर'। अर्थात् जो व्यक्ति अपने गुणों तथा शिक्षा के माध्यम से समाज को अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाता है, आदर्श शिक्षक कहलाता है। वहीं अग्रेंजी भाषा में शिक्षक को Teacher कहा जाता है। Teacher शब्द भी एक आदर्श शिक्षक की विशेषताओं की व्याख्या करता है।

| | | |
|---|---|---|
| T | Talented | गुणी |
| E | Educated | शिक्षित |
| A | Artist | कलाकार |
| C | Characteristic | चरित्रवान |
| H | Honest | ईमानदार |
| E | Efficient | दक्ष |
| R | Responsible | जिम्मेदार |

उपरोक्त गुण जिस भी व्यक्ति में पाये जाते है वे आदर्श शिक्षक कहलाने के लायक हैं। एक आदर्श शिक्षक किसी भी समाज की शिक्षा पद्धति की रीढ़ (Backbone) की हड्डी होता है। जो शिक्षा के प्रचार तथा प्रसार का आधार प्रदान करता है। महान कवि कबीरदास जी ने भी शिक्षक को ईश्वर के समतुल्य बताया है।

एक आदर्श शिक्षक के गुणों को हम निम्न प्रकार से समझ सकते हैं।

**सम्प्रेषण की दक्षता** – एक आदर्श शिक्षक कुशल वक्ता होता है उसकी सम्प्रेषण कला प्रभावशाली होती है।

**कर्त्तव्य के प्रति निष्ठावान** – एक आदर्श शिक्षक अपने कर्त्तव्य के प्रति सदैव सजग एवं निष्ठावान रहता है। लापरवाही व उदासीनता का घोर विरोधी होता है।

**विश्वसनीयता** – एक आदर्श शिक्षक समाज के प्रति विश्वास का पात्र होता है। धोखा–छल कपट आदि अवगुणों से सदैव दूर रहता हैं।

**सादा जीवन उच्च विचार** – आदर्श शिक्षक सदैव सादा जीवन तथा उच्च विचार की कहावत को चरितार्थ करता है तथा समाज में सद्भाव का प्रचार–प्रसार करता है।

**नेतृत्व का गुण** – एक आदर्श शिक्षक के अन्दर सदैव उच्च कोटि की नेतृत्व क्षमता होती है। इसका सजीव उदाहरण हमारे देश के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम थे। जिनकी नेतृव क्षमता में भारत विकास के पथ पर अग्रसर हुआ।

**साहसी** – आदर्श शिक्षक विपरीत परिस्थिति में भी सदैव साहस तथा सूझबूझ का परिचय देता है।

**देशभक्त** – एक आदर्श शिक्षक सदैव अपने राष्ट्र के प्रति समर्पित होता है वह शिक्षा के माध्यम से देशभक्ति की भावना को विकसित करने का सार्थक प्रयास करता है।

**साम्प्रदायिक सद्भाव** – एक आदर्श शिक्षक जाति, धर्म आदि को समान दृष्टि से देखता है तथा सभी धर्मों का सम्मान करते हुएसाम्प्रदायिक सद्भाव विकसित करने का प्रयास करता है।

**संघर्षशील** – एक आदर्श शिक्षक सदैव शिक्षा के प्रचार–प्रसार के प्रति संघर्षशील रहता है तथा मानव कल्याण की भावना से प्रेरित रहता है।

**समय प्रबंधन कुशल**– एक आदर्श शिक्षक समय प्रंबधन का पालनकर्ता होता है। प्रातः उठने से लेकर विद्यालय जाने व आने तक समय प्रबधंन का ध्यान रखता है। शिक्षक के समय प्रबधंन से छात्र प्रेरित होते हैं।

**अनुशासन प्रिय** – एक आदर्श शिक्षक अपने निजी जीवन से लेकर शैक्षिक जीवन में अनुशासन बनाये रखता है।

**निष्कर्ष**– उपरोक्त गुणों का अध्ययन कर हम यह निष्कर्ष निकाल सकते हैं कि आदर्श शिक्षक समाज का महत्त्वपूर्ण अंग है। जो शिक्षा के माध्यम से छात्र, समाज एवं देश के विकास तथा उनके निर्माण में सदैव अपनी भूमिका निभाता है।

"गुरु र्ब्रह्मा, गुरुविष्णुः
गुरुर्देवो महेश्वरः।
गुरुः साक्षातपरब्रह्म
तस्मै श्री गुरवे नमः।।"

"एक आदर्श शिक्षक एक आदर्श समाज का निर्माण करता है।"

## एन.सी.सी.

सी.अ. ऑफिसर विजेन्द्र कुमार
बी.ए. तृतीय वर्ष

शान से करते टेढ़ी टोपी,
लगाके हैकल लाल चले।
कंधों से मिलते कंधे इनके,
करते ये कदमताल चले।

उम्र भले ही बचपन की हो,
जज्बा इनका बेतोड़ है।
सजे हुए तैयार वर्दी में,
आजाद हिन्द के लाल चले।

# अनुभव

शैजल कश्यप
एम0एससी0(प्रथम)

स्काउटिंग की स्थापना भारत में 1909 में हुई थी और गाइडिंग की शुरूआत 1911 में हुई थी। यह केवल अपने भारत में ही नहीं, बल्कि मौजूदा समय में विश्व के 216 देशों व उपनिवेशों में संचालित है। 5 करोड़ सदस्यों के साथ यह विश्व का सबसे बड़ा वर्दीधारी संगठन है। स्काउट एवं गाइड का यह मिशन प्रॉमिस एंड लॉ पर आधारित है। स्काउट एवं गाइड निम्न चरणों में होता है। 1–5 तक कप–बुलबुल, 6–12 स्काउट/गाइड स्नातक में रोवर्स–रेंजर्स। मैं इस संगठन से काफी समय से जुड़ी हुई हूँ यह केवल एक संगठन ही नहीं, बल्कि जीवन को एक नये तरीके से देखने का नज़रिया है। इसमें रहकर युवा का विकास होता है। एक अच्छे समाज के निर्माण में युवा सहयोग करता है। इसमें मेरा खुद का अनुभव रहा है। इसमें सिखाया जाता है कि दूसरे की मदद कैसे करें। कहीं विपरीत परिस्थितियाँ है, जैसे –बाढ़, भू–स्खलन, भूकम्प, आदि में कैसे लोगों की मदद की जाए। आज भी अगर कहीं ऐसी परिस्थितियाँ आती हैं तो स्काउट/गाइड/रोवर्स–रेजर्स, पुलिस बल, सुरक्षा बल के साथ अपनी भागीदारी देते हैं। इससे जुड़े सभी युवाओं को समय का सदुपयोग करना सिखाते हैं। कठिन से कठिन परिस्थितियों का सामना कैसे करें ? मैने शुरू से लेकर अब तक जनपद, मण्डल, स्टेट लेबल कार्यक्रम, नेशनल लेविल जम्गूरी की है। मैं जितने भी शिविर कार्यक्रम में गई वहाँ मैने अलग–अलग चीजें सीखी, अनुभव हासिल किया, यह समाज में फैली बुराईयाँ, गलत भावना आदि को खत्म करके एक अच्छे समाज के निर्माण के लिए महत्वपूर्ण कदम है। "हिन्दू–मुस्लिम, सिख, ईसाई आपस में हैं भाई–भाई।" यह वाक्य भी सही सिद्ध होता देखा जा सकता है। प्रेम–भाई चारे की एक मिसाल कायम करता है। यह शिविर में सिखाया जाता है कि इंसानियत (मानवता) से बड़ा कुछ नहीं है। यह केवल भारत तक ही सीमित नही हैं। जब भी कोई राष्ट्रीय/अन्तर्राष्ट्रीय कार्यक्रम (शिविर) आदि का आयोजन किया जाता है तो अन्य देशों के युवा भारत आते हैं और बहुत कुछ सीखने को मिलता है। अनुशासन, समय का सदुपयोग, कठिन परिस्थितियों में हार नहीं मानना, अचानक आई आपदाओं का सामना करना, अलग–अलग संस्कृति को देखना व उनके बारे में जानना।

**स्काउटिंग का उद्‌देश्य–**इससे जुड़े कार्यक्रमों के दौरान युवाओं में छुपी प्रतिभाओं को सामने लाना है, जिससे देश का युवा वर्ग भविष्य में सही मार्ग चुनकर आगे बढ़े और देश का मान सम्मान बढ़ाए। समाज के लिए एक मिसाल कायम करे। बहुत से युवा ऐसे हैं जो इसी के जरिए आज समाज में बहुत ऊँचाईयों पर है समाज व पूरे देश को उन पर गर्व है।



☞ उत्तम पुरुषों की संपत्ति का मुख्य प्रयोजन यही है कि औरों की विपत्ति का नाश हो। – रहीम

NAAC
3rd Cycle
B Grade

# कहानी : तोता-मैना

सानिया बी
एम.ए. प्रथम वर्ष (हिन्दी)

एक पेड़ की डाली पर एक तोता और एक मैना रहा करते थे। दोनों में घनिष्ठ मित्रता थी और अत्यधिक प्रेम था। वह एक साथ रहते और खान–पान सब एक साथ किया करते थे। धीरे–धीरे उनकी मित्रता और भी गहरी हो गयी। वे एक–दूसरे के बिना रह भी नही पाते थे। दोनो सहवर्ती थे। एक दिन मैना तोते से कहती है कि कहीं तुम मुझे

छोडकर उड़ तो न जाओगे, तोता निःस्वार्थ था, वह कहता है कि अगर मैं कही उड़ जाऊँ तो तुम मुझे पकड़ लेना। मैना ने बड़ी मासूमियत से कहा कि मैं तुम्हे पकड़ तो सकती हूँ मगर फिर तुम्हें पा तो नही सकते, यह सुनकर तोते की आँखों में आँसू आ जाते हैं और वो अपने पंखों को सदैव के लिये तोड़ देता है और वो मैना से कहता है अब हम हमेशा साथ रहेंगे। फिर एक दिन बहुत जोर की आँधी और तूफान आता है और मैना तोते को छोड़कर उड़ने लगती है। तब तोता कहता है कि तुम उड़ जाओ मेरे पंख नही है और मैं नही उड़ सकता। मैना अचानक से उड़ जाती है और कहती है अपना ख्याल रखना और तोता उसको उड़ता देख सदैव के लिये संसार से तिरोहित हो जाता है जब आँधी और तूफान थमता है और मैना वापस आती है तो देखती है कि तोता मर चुका होता है और एक पेड़ की डाल पर लिखा होता है कि काश वो एक बार तो कहकर जाती कि मैं भी तुम्हे छोड़कर नहीं उड़ सकती, तो मैं तूफान आने से पहले नही मरता अर्थात् मित्रता हो या प्रेम एक दूसरे का साथ देना चाहिए।

# मेरी प्यारी माँ

तन्नू
बी.ए. प्रथम वर्ष

साथियों दुनिया में कोई ऐसी कलम आज तक नहीं बनी है, जो माँ शब्द की परिभाषा लिख दे। कहते हैं कि संसार में माँ भगवान का दूसरा रूप होती है। माँ की ममता का कोई मूल्य नहीं है। वे लोग बहुत ही भाग्यशाली होते हैं जिनकी माँ होती है। वह हमें बहुत प्यार करती है। कहते हैं कि जिनके सिर पर माँ बाप का हाथ होता है। किस्मत भी उनका साथ नहीं छोड़ती है।

# प्रकृति का महत्त्व

शिवानी सैनी
बी.ए. प्रथम वर्ष

आज कल जैसा कि आप सब लोग जानते हैं कि बढ़ती जनसंख्या के कारण हमारी प्रकृति बहुत खतरे में हैं। हम अपने स्वार्थ के लिए प्रकृति को नुकसान पहुँचा रहे हैं। अपने आस–पास पेड़ को काट रहे हैं। यह जानते हुए भी वह हमें ऑक्सीजन प्रदान करते हैं। अगर हम अपने वृक्ष को काट देंगे और निवास स्थल स्थापित कर लेंगे तो हमे ऑक्सीजन कहाँ से प्राप्त होगी और हम अपनी कार्बनडाई ऑक्साइड किसे देंगे। यदि हम अभी से इस बात को नहीं समझ पायेंगे तो आने वाली पीढ़ियों का जीवन स्वयं ही खतरे में डाल देंगे। अगर हम इस बात को नहीं समझे तो हमारी पीढ़ी का जीवन बिना पानी, बिना वृक्ष और बिना पर्यावरण के ही व्यतीत करना होगा। जो सम्भव नहीं है। हमारे देश की जनसंख्या बाकी अन्य देशों की जनसख्या से आगे बढ़ती जा रही है। हमारा जीवन कैसे संभव होगा। धरती पर जीवन जीने के लिये भगवान से हमें बहुमूल्य और कीमती उपहार के रूप में प्रकृति मिली है और आज हम सभी उसी प्रकृति को हानि पहुँचा रहे हैं। ये तो हम सभी जानते हैं कि प्रकृति हमारी माँ है जो पूरी जनसख्या का भार संभाल रही है। एक माँ ही अपने बच्चों के लिए इतना बड़ा योगदान दे सकती है। प्रकृति हमारे जीवन का परम स्रोत है । जीवित और निर्जीव दोनों चीजों में प्रकृति शामिल है। हमारी प्रकृति मनुष्य का स्वास्थ्य खराब या चोट लगने पर औषधि प्रदान करती है। प्रकृति की सहायता से मनुष्य अपने निवास के लिए घर बना सकता है। हमारी प्रकृति हमें निष्काम भाव से सेवा का संदेश देती है। हमारे जीवन यापन के लिए प्रकृति बहुत ही उपयोगी है।



# कहानी

रिजवान
कक्षा बी0ए0 प्रथम वर्ष

एक मुर्गी के कई बच्चे थे। मुर्गी ने बच्चों से कहा तुम मेरे साथ–साथ रहा करो। नहीं तो बिल्ली तुमको पकड़ लेगी। एक दिन मुर्गी इधर–उधर चर चुग रही थी। उसके साथ उसके बच्चे भी थे। मगर एक बच्चा साथ नहीं था। वह दूर–दूर फिर रहा था। मुर्गी ने उसे बुलाया। कुट–कुट। बच्चे ने माँ की बात न मानी। इतने में एक बिल्ली झपटी और उसे मुँह में दबाकर ले गई। बच्चा ची–ची करता रह गया। जो बच्चे माँ के साथ थे वह बच गए। जिस बच्चे ने माँ की बात नही मानी थी उसे बिल्ली खा गई।

**सन्देश** – बच्चों इस कहानी से पता चलता है कि हमें अपने माता–पिता का कहना मानना बहुत जरूरी है। जो माता–पिता का कहना नहीं मानते हैं, वह हमेशा परेशान रहते हैं और मर जाते हैं। मुर्गी के बच्चे की तरह। इसलिए माता–पिता का कहना मानते रहिये।

## कहानी : 'एक माँ का संघर्ष'

तन्नू
बी.ए. प्रथम वर्ष

तुलसीपुर के गाँव में एक सुमन नाम की औरत रहा करती थी, उसके साथ एक 6 साल की बच्ची पिंकी भी रहा करती थी। उसकी बच्ची बहुत छोटी थी, तभी उसके पिता का एक दिन कार एक्सीडेंड हो जाता है और राजेश मर जाता है। तभी से लेकर सुमन पर पिंकी की जिम्मेदारी आ जाती है और वो बेचारी घर बनाने वाले कामों में जाया करती थी। जितना वो पैसा कमाती थी उतने में ही उसके घर का खर्चा चलता था और अपनी बच्ची को पालती थी देखते ही देखते मौसम बदल गया और बारिश का मौसम आ गया था जिससे सारा काम रुक गया था। अब सुमन के घर में खाने का कोई सामान बाकी नहीं था और उसके पास कोई काम भी नहीं था जिससे वह कोई काम कर के पैसा कमा सके। यही सोच रही थी कि उसी समय पिंकी उसके पास जाकर कहने लगती है कि माँ मुझे बहुत भूख लग रही है। माँ अपने आप को बहुत असहाय और बेबस समझने लगती है तभी वह सोचती है कि वह पापड़ बनाने का कम शुरू कर दे तो वह अपने गाँव के प्रधान से 1000 रुपये उधार ले लेती है और पापड़ बनाकर बाजार ले जाती है। उसके पापड़ पहले दिन तो सब बिक जाते हैं। अगले दिन से इसी कारोबार का काम शुरू कर देती है और कुछ सालों बाद वह एक कम्पनी की मालकिन बन जाती है और उधर उसकी बेटी एक आई.पी.एस. बन जाती है। फिर उसकी माँ अपनी बेटी से खुश हो जाती है वह दोनों कुशल जीवन व्यतीत करने लगते हैं।

## अलंकार की कविता

शीतल
बी.ए. तृतीय वर्ष

बार–बार एक वर्ण जो आये,
अनुप्रास की भाषा।
और यमक में जोड़ा आकर अलग अर्थ दर्शाता।
और श्लेष में एक शब्द के अर्थ अनेकों भाई।
अतिशयोक्ति में बढ़ा–चढ़ाकर छोटी बात बताई।
चरण कमल एक रूप मान लो रूपक की परिभाषा,
सा, सी, से सम, सरिस समझ लो उपमा जी की आश,
उत्प्रेक्षा संकेत समझ लो जनु जानो , मनु मानो।
दो चीजों में भ्रम पैदा हो भ्रान्ति मान पहचानो।

## कविता : शहीद भगत सिंह

शुऐब अली
बी.ए. तृतीय वर्ष

माली की है ये ख्वाहिशें, हर फूल जो खिलता रहे।
कूकती है बाग में कोयल, अगर आज़ाद है।
बागवान दिल से वतन को दुआ देता है कि
मैं रहूँ  ना रहूँ यह चमन आबाद रहे।।
सरदार भगत सिंह आज चले हैं पहन वसंती चोला
जिसे पहन कर दीवानों ने गुलामी का बंधन खोला
सुनो आज भारत के अमर जवानों
मेरे बाद तुम्हारा भी इम्तिहान होगा,
भाई बहन को दिलासा दिया था खूब
कि आजादी पर मिटने से जहाँ अमर होगा।
कर गये देश को रोशन तेईस मार्च को
फाँसी पर चढ़कर बढ़ा दी शान तेईस मार्च को।

## शब्द की ताकत

रूबीना कादरी
बी०ए० तृतीय वर्ष

विद्यार्थी बोले गए शब्दों का असर या शब्दों की ताकत हमेशा याद रखें। आप अपनी दुनिया अपने शब्दों से बदल सकते हैं। यह हमेशा याद रखें कि आपकी ज़िन्दगी और मौत आपके जीभ के हवाले है। इस दुनिया में मानवता का सबसे प्रभावशाली हथियार शब्द है । विद्यार्थी अपने जीवन में एक बात हमेशा याद रखें कि किसी खास स्थिति में खास लोगों द्वारा कुछ खास शब्दों के चुनाव से बड़ी क्रांतियां स्वतंत्रता संग्राम एवं जीवन बदल देने वाले निर्णय लिए गए हैं। शब्द किसी को बिना छुए भी छू जाते हैं। यह उस व्यक्ति के साथ नहीं होने पर भी असर कर जाते हैं। हम उन लेखकों की किताबे पढ़ते हैं और पढ़ते रहेंगे। जिनसे हम कभी नहीं मिले और ना ही मिलेंगे । जो अब जिन्दा भी नही हैं पर उनके शब्द हमारे जीवन में बहुत प्रभाव डालते हैं। शब्दों में वही ताकत होती है कि वह किसी को भी कितना ही ऊपर उठा दे या बर्बाद कर देते हैं। इस बात में सन्देह नहीं है कि शब्द मानवता द्वारा इस्तेमाल किया जाने वाला इस दुनिया का सबसे प्रभावशाली ड्रग है।



☞ उदय होते समय सूर्य लाल होता है और अस्त होते समय भी। इसी प्रकार संपत्ति और विपत्ति के समय महान पुरुषों में एकरूपता होती है। – कालिदास

## कविता : वह दिन

खदीजा इकबाल, बी.एस.सी. प्रथम वर्ष

वह दिन भी कितने अच्छे थे,
जब हम भी बच्चे थे
ना थी रोने की वजह ना मुस्स्कराने का बहाना,
वह बचपन भी था कितना सुहाना।
मिल जाते थे अगर खिलौने,
तो ना होता था खुशी का ठिकाना।
डर जाते थे टीचर की एक डाँट से,
वह बचपन भी था कितना सुहाना।
कभी पापा के कंधे तो
कभी माँ के आँचल का था सहारा।
लुका छुपी खेलते गुज़ार देते थे दिन सारा,
वह बचपन भी था कितना सुहाना।
अगर हो जाती भी बहन में लड़ाई,
तो रखते थे ना दिल में कोई शिकवा।
वह बचपन भी था कितना सुहाना।
जिसकी मधुर यादें रह गईं।
सोचती हूँ मैं काश लौट आए वो दिन।
पर समय बड़ा बलवान है,
उसने कभी पीछे मुड़ना नहीं सीखा।

## अपने बचपन को दें आवाज़

याचना रानी, एम.ए. प्रथम वर्ष

अपने बचपन को दें आवाज,
जो पल बिछुड़ गए हैं आज,
हैं उन पलों की फिर से आस,
अपने बचपन को दें आवाज।
थी ज़िन्दगी आज़ाद परिन्दा,
नहीं चिन्ता करे कोई निन्दा,
मस्तक पर पहने फिर सरताज,
अपने बचपन को दें आवाज़।
निडरता कठिन रास्तों की वो,
करे कलख कानन में फिर जो,
सच–झूठ का न पड़े प्रभाव,
अपने बचपन को दें आवाज।
हैं बातें वो नटखटपन की,
थे करते सब अपने मन की,
न रहती हार –जीत की याद,
अपने बचपन को दें आवाज़।
नदी किनारे गुजरे थे दिन,
न कटा दिन कभी जामुन के बिन,
छलकी आँखे सुन पापा की आवाज़
अपने बचपन को दें आवाज।
रात नहीं होती थी तब,
थे लुका छिपी खेलते सब,
हजार खेल थे हमको याद,
अपने बचपन को दें आवाज।
मुस्कान भरी थी जो सच से,
क्यों निकल आए हम उस कवच से,
खुल नही पाएगा इसका राज़,
अपने बचपन को दें आवाज़।

## वर्तमान राजनीति

मो० सोहराब
बी०एड० द्वितीय वर्ष



रुपया छीना, पैसा छीना, छीन लिया संसार रे,
सुख छीना, चैन छीना, छीन लिया कुशल व्यवहार रे।
सद्गुण छीना, मानव छीना, छीन लिया सदाचार रे,
इसके बदले लिया है, सिर्फ, सिर्फ भ्रष्टाचार रे।।
संसद हो या न्यायालय, दबता है ईमानदार रे,
मानो अब तो बन बैठा है, राजा अत्याचार रे।
नेता हो, अभिनेता हो, या फिर हो कलाकार रे,
देश भूले, जनता भूले, बस पैसे पर ऐतबार रे।।
घोटाले बढ़ते , ढोंग बढ़ते बढ़ गए हैं, बलात्कार रे,
ये मेरा भारत था, महापुरुषों की भूमि कैसे करें ऐतबार रे।
कागज से ही डर बैठा है, अब तो हर परिवार रे,
सुबह उठकर जब खोले, खोले है अखबार रे।।
अब क्या कहना फल–फूल रहा, धड़ल्ले से दुराचार रे,
थक चुके हम भारत –वासी, उठा–उठा कर ये भार रे।
कब तक दबेंगे, गरीब ये, कब तक दबेगा सदाचार रे
छीन लिया है सब कुछ हमसे, मत छीनो अधिकार रे !

## दोस्त

उमम खान
बी.एस.सी. द्वितीय वर्ष
(वनस्पति विज्ञान)

जो मिला करते थे रोज कभी,
खत्म नहीं होती थी बातें कभी।।
हाल–ए–दिल बँया किया करते थे,
मिल कर हँसा करते थे।
आज क्यूँ नहीं हैं वो सभी?
उदास नहीं हूँ इस बात से मैं,
क्योंकि अनजान नहीं थी हालात से,
पुराने दोस्त रोज़ नहीं मिलते हैं अब,
बस यादों में रहते हैं सब,
मतलब का नहीं था रिश्ता
उम्र भर का था वादा
आज जो दूरियाँ हैं
बस अपनी–अपनी मंज़िल
पाने की मजबूरियाँ हैं
कोई दोस्ती पुरानी नहीं होती
कुछ दिन बात ना करने से बेगानी नहीं होती

NAAC
3rd Cycle
B Grade

# हिन्दी हूँ मैं!

दीपक श्रीवास्तव
एम0एससी0(प्रथम सत्र) वनस्पति विज्ञान



मातृ भाषा हिन्दी मेरी, नमस्ते से प्रख्यात है,
देश–दुनिया नमन करे, हिन्दी की क्या बात है!
अनपढ़ को ज्ञानी बनाना हिन्दी की पहचान है,
हिन्दी हूँ मैं! और हिन्दी से हिन्दुस्तान है।।
हर वर्ण इसका लवण है, हर मात्रा तीखी धार है
हिन्दी का हर शब्द स्वाद, हर शब्द ज़ायकेदार है।
प्रशंसा का वज़न बढ़ा दे, प्रशंसा की हकदार है
हिन्दी की तो गालियाँ भी बोलता संसार है।।
इंग्लिश , उर्दू, संस्कृत हिन्दी में विराजमान हैं।
हिन्दी हूँ मैं! और हिन्दी से हिन्दुस्तान है।।
फेफड़ों से उठ हवा जब कण्ठ से टकराती है
होठों के घुमाव से वो स्वर में बदल जाती है।
हिन्दी के तो बोल भी विज्ञान सिखलाती है,
व्यंजनों का खेल पूरे मुख को ये खिलाती है।।
कण्ठ तालु, होंठ, दन्त हिन्दी इनकी शान है।
हिन्दी हूँ मैं! और हिन्दी से हिन्दुस्तान है।।

# कविता : अपनी खुशी

अनामिका
बी0ए0 द्वितीय वर्ष

कोई अगर है परेशान मुझसे
अब मैं परवाह नहीं करती,
जीती हूँ अपने अंदाज़ में
परेशान बिना किये औरों को।
फर्क नहीं पड़ता अब मुझको
गिले शिकवे शिकायत से
जिंदगी मस्त गुज़र रही है
अब इस अंदाज़ में जीने से।
ज़िंदगी के हर एक पल को
अब मस्ती से जीती हूँ,
हो गयी हूँ मस्त मौला
अब अपनी ही धुन में रहती हूँ।
ना ही शिकवे शिकायत करती हूँ
किसी से ना तो सुनती हूँ।
किसी की ना तो सुनती हूँ
ना ही किसी को कुछ सुनाती हूँ।
जीने का यह मंत्र मैंने
सीखा है अपने अनुभव से,
अपने आप में ही अब
मैं हरदम खुश रहती हूँ।।

# कुछ भी बनो मुबारक है, पर पहले इंसान बनो

दीक्षा (एम0ए0 हिन्दी साहित्य)



महिमा गाएँ जिसकी सारे
चाहे ऐसे विद्वान बनो,
दुनिया जीत ले पूरी जो
चाहे वो सुल्तान बनो।
बन जाओ पुत्र हिमालय के
या गंगा की सन्तान बनो।
नेता बन जाओ पब्लिक के
सेना के वीर जवान बनो।
डॉक्टर, वैद्य, हकीम बनो या
व्यापारी धनवान बनो।
मुंशी जज वकील बनो
या कवि लेखक गुणवान बनो।
जिसे देखकर सब डर जातें,
चाहे ऐसे पहलवान बनो,
प्यार भरे शहरों में लेकर
नफरत का अंगार बनो।
अफसर बन जाओ सरकारी
या अफसर के दरबान बनो।
बन जाओ मुखिया शहरों के
या गाँव के प्रधान बनो।
सामान मिले जहाँ दंगों का
चाहे वो दुकान बनो।
अंधियारे को जो मिटाये
चाहे वो चिराग बनो।
गीता सार का ज्ञान बढ़ाये
चाहे जो प्रचार बनो।
नफरतों के दरिया में
प्यार का गुलिस्तां बनो।
जिसको पढ़कर सीख मिले
ऐसी एक किताब बनो।
देश का जो मान बढ़ाये
चाहे वो सरताज बनो।
चोर बनो, शैतान बनो, भगवान बनो,
कुछ भी बनो मुबारक है,
पर पहले इंसान बनो।

# धर्म निरपेक्ष-प्रकृति

कामरान अहमद
एम.ए. (प्रथम सत्र)

प्रकृति की
सारी चीजें
धर्म निरपेक्ष हैं।
चाँद नियम से निकलता रहेगा
ईद या करवा चौथ
हमारी विविधताएँ हैं
आग में पकी ईंट पर
नहीं लगते प्रतिबंध
उसी से मन्दिर बनना है
उसी से मस्जिद, उसी से गुरुद्वारे,
उसी से गिरजाघर।

NAAC
3rd Cycle
B Grade

# क्योंकि मैं लड़का हूँ...

हेमन्त कुमार
बी0एससी0 (प्रथम वर्ष)

आखिर कौन होता है एक लड़का
जिसे लाड़–प्यार से ज्यादा,
ज़िम्मेदारियों का पाठ पढ़ाया जाता है!
कितनी मुश्किल से कमाते हैं पैसा,
बचपन से ही सिखाया जाता है,
वो होता है लड़का।
अरे तू लड़का है किसी भी हाल में रो नहीं सकता,
सपने टूटे या दिल तू पलकें भिगो नही सकता,
तू मर्द है रो के दिखा नहीं सकता।
कितना भी दुख हो आँसू बहा नहीं सकता,
यह सब जिसके मन में बिठा दिया जाता है,
सब कुछ जिसे पहले से सिखा दिया जाता है,
वह होता है लड़का।
क्यों उनकी आँखों से निकले आँसू,
कोई देख नहीं पाता है।
क्यों आजकल तो हर कोई
बस लड़कों को ही बुरा बताता है।
आखिर क्यों हम वो हैं–
जिन्हें पैदा होते ही उम्मीदों से लाद दिया जाता है,
फिर थोड़े बड़े होते ही किताबों का
बोझ डाल दिया जाता है।
बड़े लाड़ से रखा जाता है, बड़ा प्यार किया जाता है,
कभी–कभी गलतियों पर डाँट भी दिया जाता है।
तो कभी–कभी शरारतों पर हमें पीट भी दिया जाता है।
और हमारे रोने पर हमें चुप करा दिया जाता है,
और बड़े प्यार से समझा दिया जाता है,
हमारी ताकत हमारी बाजुओं से नाप ली जाती है,
तो हमारी खूबसूरती हमारी शक्ल से ही
समझ ली जाती है
हमारी नाकामयाबी पर हम पर हँसा जाता है।
तो हमारी सफलता पर किस्मत का टैग
लगा दिया जाता है।
और बड़ी सरलता से कह दिया जाता है,
कि तुम लड़के हो ऐसे टूटा थोड़े ही जाता है।
तू दिन–रात , सुबह–शाम इन ख्वाहिशों की
भट्टी में जल कर तो देख,
अरे एक बार तू लड़का बनकर तो देख।
एक छोटी सी गलती की वजह से
सभी लड़कों को जज कर लिया जाता है,
कुछ लड़के इतने भी बुरे नहीं होते,
जितना उन्हें बता दिया जाता है।

NAAC
3rd Cycle
B Grade

# कविता : आज की नारी

गुलफ़िज़ा
बी०ए० द्वितीय वर्ष



1. किसी पर बोझ नहीं हूँ मैं,
   फिर क्यों घोटी जाती हूँ हर रोज मैं।।
   अब इस घुटन से निकलने लगी हूँ मैं,
   क्योकि खुद को समझने लगी हूँ मैं।।
   मैं क्या हूँ, क्या कर सकती हूँ, इस बात से परिचित होने लगी हूँ।।
   क्या सोच रहे हो वो पुरानी वाली हूँ मैं?
   नहीं, आज की नारी हूँ मैं।।
2. वो सती प्रथा में पति के साथ जलकर चीखने चिल्लाने वाली नहीं हूँ मैं।
   अब तो पति के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने वाली हूँ मैं।।
   चार दीवारी में मुझे कैद नहीं कर सकते तुम खुले आसमान में उड़ने वाली हूँ मैं,
   मैं जो सितारे आसमान में चमकते हैं उन्हें कंधों पर लाने वाली किरन बेदी हूँ मैं।।
   अन्तरिक्ष में जाने वाली कल्पना हूँ मैं।
   कुश्ती के अखाड़े में लड़कों को पछाड़ने वाली हूँ मैं।।
   क्या सोच रहे हो, पीछे हटने वाली नहीं हूँ मैं
   डटकर सामना करने वाली नारी हूँ मैं।
3. आओ और कर लो मुकाबला, किसी से कम नहीं हूँ मैं।
   तुम्हारे घर में तो क्या, देश के बॉर्डर पर भी हूँ मैं।।
   जहाँ न्याय मिलता है उस अदालत में भी हूँ मैं।
   जहाँ जीवनदान मिलता है उस हॉस्पिटल में भी हूँ मैं।।
   अब मुझसे मेरे अधिकार कोई छीन नहीं सकता।
   अब मुझे कोई हर पल मरने के लिए मजबूर नहीं कर सकता।
   अब मुझे कोई दहेज के लिए जला नहीं सकता।
   अब मुझे यूँ राहों में अकेला देख कोई खेल नहीं सकता।
   क्या सोच रहे हो वो पुरानी वाली हूँ मैं,

# नारी सशक्तिकरण

मरयम फैजान शमसी
बी0एससी0 द्वितीय वर्ष

जिस नारी को तुम समझते बेचारी हो।
हो सकता है वो तुम सब पर भारी हो।।
वह स्त्री है तो क्या, नहीं है पुरूषों से कम।
दिया जाए अगर अवसर पहुचेंगे शिखर तक कदम।।
क्या तुमने देखा नही इतिहास रचा है उसने............
चाँद हो, शिखर हो या पुलिस की वर्दी हो
फिर क्यों है आचरण ऐसा तुम्हारा, जैसे कि ये कोई वस्तु हो।।
वो तो जननी है, बेटी, अर्धांगिनी है वो।
इस समाज का निर्माण करने वाली है वो।।
जब इतनी ही महत्तवपूर्ण है वो फिर क्यों नहीं अपनाते हो ?
क्यों गर्भ में ही उसे मौत की नींद सुलाते हो?
केवल दहेज के डर से मार दिया अपनी लक्ष्मी को?
सोचा है कभी कि कितना नुकसान पहुँचा रहे हैं जग के भविष्य को ?
उसे बचाया होता अगर, और ज्ञान दिलाया होता।
तो शायद गर्व से अपना सर तुमने ऊँचा पाया होता।।
वक़्त है अब भी संभल जाओ तुम।



# जीने की राह

कामरान अहमद
बी.ए. द्वितीय वर्ष

कभी न कहो कि दिन अपना खराब है।
समझ लो हम काँटों से घिर गए गुलाब हैं।।
रात की थकान सुबह तक ज़ारी रहती है।
फिर भी सोते नहीं हम क्योंकि ज़िम्मेदारी रहती है।।
रखो हौसला वो मंज़र भी आएगा।
प्यासे के पास चलकर समंदर भी आएगा।
थक कर न बैठो, ऐ मंज़िल के मुसाफिर
मंज़िल भी मिलेगी और जीने का मज़ा भी आएगा.....



☞ चंद्रमा, हिमालय पर्वत, केले के वृक्ष और चंदन शीतल माने गए हैं, पर इनमें से कुछ भी इतना शीतल नहीं जितना मनुष्य का तृष्णा रहित चित्त। – वशिष्ठ

# जीवन-दृष्टिकोण

ज्योति
बी०ए० प्रथम वर्ष

मानव का जीवन अत्यन्त दुर्लभ तथा विचारात्मक है। मनुष्य के जीवन में कठिनाईयाँ, सुख–दु:ख, हर्ष–विषाद आदि आते रहते है। कुछ मनुष्य इन कठिनाइयों को विवेक का प्रयोग करते हुए उसका हल निकाल लेते हैं तथा अपने जीवन को सुचारु रूप से व्यतीत करने लगते हैं तथा कुछ मनुष्य कठिनाई से भयभीत होकर गलत पथ को चुन लेते है। जिससे उनका जीवन नष्ट होने की कगार पर आ जाता है।

'जीवन' मनुष्य को ईश्वर के द्वारा दिया गया सुन्दर उपहार है। प्रत्येक मनुष्य अपने जीवन को भली–भाँति व्यतीत करना चाहता है। तथा इसके लिए वह अत्यन्त परिश्रम तथा मेहनत भी करता है। जीवन व्यतीत करने के लिए प्रत्येक मनुष्य अपने–अपने अनुसार अलग–अलग पथ चुनता है। एक तो ठीक तथा ईमानदारी तथा दूसरा बेईमानी का। हममें से कई व्यक्ति दूसरा वाला विकल्प ज़्यादा चुनते हैं क्योंकि इससे लक्ष्य जल्दी तो मिलता है साथ ही मेहनत भी कम लगती है। परन्तु ये विकल्प कुछ समय तक ही सही लगता है। बाद में ये हमारे जीवन में दुविधा तथा कठिनाईयाँ भी बढ़ा देता है। इस कारण मनुष्य को पहला विकल्प ही चुनना चाहिए। इसमें सुख तथा शांति दोनों हैं। हाँ इसमें मेहनत तो लगती है परन्तु हमारा जीवन सुखमय तथा शान्तिपूर्वक व्यतीत होता है।

हमारे जीवन की इसी अवस्था का प्रभाव हमारी संगत पर भी पड़ता है। अच्छाई के साथ अच्छे लोगों तथा बुराई के साथ बुरे लोगों का साथ होता है। हम अपने लक्ष्य पर ध्यान देना चाहिए तथा उस पर अमल भी करना चाहिए। कठिन परिश्रम तथा मेहनत से मानव कुछ भी हासिल कर सकता है तथा अपना जीवन सुखमय बना सकता है। कठिनाइयों का आना लाजमी है परन्तु उनसे लड़ना मानव का हुनर है। प्रत्येक मानव के भीतर नायक छिपा होता है, ये हम पर निर्भर करता है कि हम किस प्रकार अपने जीवन को व्यतीत करते हैं।

इल्मा मोबीन
बी०ए० प्रथम वर्ष

# प्रेरणाप्रद सूक्तियाँ

कभी जीवन में अकेले भी चलना पड़े तो डरना मत क्योंकि समस्या, शमशान, शिखर और सिंहासन, इन सब पर इंसान अकेला ही होता है। आपके जीवन में अंधियारा नज़र आए तो समझ लीजिए कि ईश्वर आपके भविष्य की सुन्दर सी तस्वीर का निर्माण कर रहा है। जीत की मिठास का अदाज़ा तभी होता है जब आप हार का कड़वा घूँट पीते हैं। ज़िंदगी जब इम्तिहान लेती है तो तब तक नहीं छोड़ती जब तक उसमें छिपा सबक सिखा ना लें। इंद्रधनुष बनाने के लिए बारिश और धूप दोनों की ज़रूरत होती है। कई बार शून्य से शुरुआत करना बहुत जरूरी है। याद रखना कि ज़िंदगी एक संघर्ष है, हारना अच्छा है, हार मान जाना नहीं। ईश्वर कहते हैं, उदास न हो, मैं तेरे साथ हूँ, सामने नहीं आस–पास हूँ। पलको को बंद कर और दिल से याद कर, मैं कोई और नहीं तेरा विश्वास हूँ।



☞ बैर क्रोध का अचार या मुरब्बा है। आचार्य रामचंद्र शुक्ल

# कॉलेज लाइफ

समरीन
बी०ए० तृतीय वर्ष

सब अजनबी दोस्तों के याराने दिल को फिर याद आये
वह बीते पुराने लम्हे फिर याद आये.....।
वह पहला दिन वह पहली बातें,
आज वह दोस्त सब बिछड़े तो लम्हे याद आये.....।
देखा था जिन्हें कभी अजनबी सा हमने
आज वही खास इतने की किसी को क्या बताऐं.....
वो यारों की महफ़िल, वो किताबों के ढेर
वो रातों को रतजगे, वो क्लास रूम में सब देर.....
देखा आज उस क्लास रूम की तरफ
तो वह दोस्त मुस्कराते बड़े याद आये.....
अब यही कुछ दिन है कुछ दिन की सोहबत
बिछड़ेंगे सब ऐसे कि हर मुस्कान पर याद आये
कोई इस शहर, कोई उस शहर, कोई इस गली
कोई उस गली, निकलेगें जब इस राह से वो राहगीर याद आये
दिल टूटा यह सोचकर कितनों को आखरी दफा देखेगे
वही बात दिल पे चुभी के जहाँ काम आर–पार दिखाई आये।
गले मिलकर जुदा किया, हुआ वादा अब रहेगे हमेशा यहाँ...
आँखे नम हुईं तो चुप करते नज़र आये.....
यही तो ज़िदगी है जो आगे बढ़ी अपने मुकाम से
शुरुआत है अभी न जाने आगे कितने अनजाने आयें...
सब अजनबी दोस्तों के याराने दिल को फिर याद आये
वह बीते पुराने लम्हे फिर याद आये।

## नारी तुम महान

फरहीन, बी०ए० तृतीय वर्ष

नारी ने सहा है अब तक जीवन में अपमान,
अब न सहेगी, अब न झुकेगी, बनेगी वह भी महान,
जीवन में आये चाहे कितने तूफान,
नारी रखेगी अब अपनी आन, मान और शान।
जीवन तो इक बहती नदिया है,
इसका धर्म ही बहना है,
हम सबको इसी समाज में रहना है,
पर रखना तुम अपना मान।
इतना तो रखो अपने पर विश्वास,
अपना मत डिगने दो आत्म–विश्वास,
होगा कभी तुमको भी, होगा हम पर अभिमान,
समझोगे पुत्री को तुम भी महान।
नारी में निहित हैं वे तीन रूप,
सत्यम शिवम्–सुदरम् का वह अनुरूप
दुर्गा, लक्ष्मी, सरस्वती की वह प्रारूप,
सभी मानेंगे–नारी की महिमा का स्वरूप,
नारी अब अबला नहीं सबला है।
यही तो कमला, विमला व सरला है,
अब वे किसी भी प्रकार का कष्ट नहीं सहेंगी,
इल्म पाकर वह विदुषी बनेंगी,
वह भी मदरसे पढ़ने जाएँगी,
अपना भविष्य उज्ज्वल बनाएँगी,
तभी समाज का कल्याण कर पाएँगी।

## नारी सशक्तिकरण

नगमा खान, बी०ए० तृतीय वर्ष

मैं रही दिए की लौ बनकर,
घर आंगन रोशन करती हूँ
मत खेलो मेरे जज़्बातो से,
अंगार भी मैं बन सकती हूँ।।
मैं भड़क उठी जो अग्नि सी,
ये गांव जला भी सकती हूँ
जो हवा तुफानी लाओगे तो,
खाक तुम्हें कर सकती हूँ।।
पूजा भी करते हो माँ की,
मंदिर में अपने रखते हो,
कह कर आगे तुम मेरे,
नतमस्तक अपना करते हो।।
हाँ वही मैं सीता मैया हूँ,
हाँ वही मैं राधा रानी हूँ,
हाँ वही मैं रक्षा करने वाली,
माँ दुर्गा और भवानी हूँ।।
काली भी है अवतार मेरा,
मैं रूद्रा रूप धर सकती हूँ,
और याद रहे गर चाहूँ तो,
मैं चंडी भी बन सकती हूँ।।
हर रूप में माँ स्वीकार है जब
मुझको भी तुम स्वीकार करो।।

## कविता : बहादुर फौजी

कैडेट लाल सिंह
बी०ए० तृतीय वर्ष

बहादुर से भी बहादुर हैं मेरे फौजी।
मेरे देश की शान हैं फौजी।
आने ना दे आँच कोई मेरे भारत देश को,
देख जिसको घबराये काल।
बुरा होता दुश्मन का हाल,
हैं रक्षा जिनका गौरव भाल,
हैं इनका रण कौशल बेमिसाल।
अगर दुश्मन सरहद पर करे कोई दुस्साहस,
तो हमारे फौजी दुश्मनों को देते मुँह तोड़ ज़बाब।।
दिन–रात जागकर करे वो सेवा,
देश के चप्पे–चप्पे पर सीमाओं की करें सुरक्षा,
खुद सोकर काँटों पर हम सब को चैन नींद सुलाए,
कभी नहीं संघर्ष से इतिहास हमारा हारा,
मेरे बहादुर फ़ौजियों ने दुश्मनों को घर में घुसकर मारा।
बहादुर फ़ौजी सियाचीन की बर्फीली घटियों से,
जैसलमेर की तपती बालू में खुले आसमान के नीचे,
करें वो सबकी सुरक्षा,
समुद्र की लहरों के बीच तो कभी नभ को
चीर करें वो हमारी सेवा।
ऐसे बहादुर फ़ौजियों को करे हम नमन बारम्बार।
''जय हिन्द!, जय भारत!!''

## नारी सशक्तिकरण

आलिया
बी०ए० तृतीय वर्ष

मैं हूँ आज की नारी,
पूर्ण रूप से करने में हूँ सक्षम
हर चुनौती का हँसकर सामना।
साहस और आत्मविश्वास के बल पर
बनाई अपनी अलग पहचान,
परिवार और कैरियर दोनो हीं में
तालमेल बैठाती नारी का कौशल,
कामयाबी के कदम चूमें,
आर्थिक और मानसिक रूप से
बनी आज आत्मनिर्भर।
सफलता की सीढ़ियों पर हो अग्रसर,
ज़रूरत पड़ने पर अधिकारों को
हथियार बन आज हर क्षेत्र में
अपना लोहा मनवा रही,
कल तक भावनात्मक रूप से
कमज़ोर नारी अपनी ज़िंदगी के
महत्त्पूर्ण फ़ैसले स्वयं लेकर
दाम्पत्य जीवन की खुशहाली के
आदर्श बलिदान से कहे यूँ,
हाँ सिर्फ मैं ही काफी हूँ
मैं आज की नारी हूँ।।

## ऑनलाइन शिक्षा

दीपेश कुमार
बी.एड. विभाग (द्वितीय वर्ष)

शिक्षा भी कितनी प्रभावशाली हो गई है
आप देख ही रहे हैं शिक्षा ऑनलाइन हो गई है।
जाते थे पढ़ने पहले मीलों दूर बच्चे,
मिलते सभी से हम, दिल थे सभी के सच्चे,
घर में ही पड़े हैं कमी संस्कारों की हो गई है।
शिक्षा जब से ऑनलाइन हो गई है...
अब हर कोई पढ़ाई ऑनलाइन कर रहा है,
आंखों पर अब चश्मा दिन–रात चढ़ रहा है,
किताबों से तो दूरी पल–पल ही हो गई है,
शिक्षा जब से ऑनलाइन हो गई है...
दिनों का सुकून, रात का आराम खो गया है,
जब से हर कोई ऑनलाइन हो गया है,
वो प्रेम भाव कम है नीरसता हो गई है,
शिक्षा जब से ऑनलाइन हो गई है. ..
कितनी बदल गई है शिक्षा की दौड़ देखो,
ऑनलाइन तो लेकिन क्या पढ़ रहे हैं देखो,
जो "दीपक" से पढ़े होंगे वह सोचते तो होंगे,
कि शिक्षा भी अब कैसी हो गई है,
शिक्षा जब से ऑनलाइन हो गई है...

## कोशिश कर, हल निकलेगा

गौरव कुमार वार्ष्णेय, एम.ए. (पूर्वार्द्ध)

कोशिश कर, हल निकलेगा,
आज नहीं तो, कल निकलेगा।
अर्जुन के तीर सा सध,
मरुस्थल से भी जल निकलेगा,
मेहनत कर, पौधों को पानी दे,
बजंर जमीन से भी फल निकलेगा।
ताकत जुटा, हिम्मत को आग दे,
फौलाद का भी बल निकलेगा,
जिंदा रख, दिल में उम्मीदों को
गरल के समंदर से भी गंगाजल निकलेगा,
कोशिशें जारी रख कर गुजरने की
जो है आज थमा–थमा सा, चल निकलेगा।

## एक कविता हर माँ के नाम

अमन सक्सैना, एम.एससी. (पूर्वार्द्ध)

घुटनों से रेंगते–रेंगते
कब पैरों पर खड़ा हुआ,
तेरी ममता की छाँव में
जाने कब बड़ा हुआ,
काला टीका, दूध–मलाई
आज भी सब कुछ वैसा है।
कितना भी हो जाऊँ बड़ा,
मैं ही मैं हूँ हर जगह,
प्यार ये तेरा कैसा है,
सीधा–साधा, भोला–भाला,
मैं ही सबसे अच्छा हूँ
"माँ" मैं आज भी तेरा बच्चा हूँ।

NAAC
3rd Cycle
B Grade

# ज़िन्दगी एक आग का दरिया है

चौधरी अरुण प्रकाश
बी०ए० द्वितीय वर्ष

ज़िन्दगी एक आग का दरिया है, बस तूने नहीं जाना,
वक्त के झरोखों पर पानी से लिखा जाना,
जीने की ख्वाहिश में नादां परिन्दा बन कर उड़ जाना,
भरी दोपहरी में सावन सा बरस जाना,
किनारे पर नदी से रेत के घरौदे बना लेना।
और हवा के एक झोंके से बिखरे हुए रेत कणों का आभास है ज़िन्दगी,
काँटों से बिछी सेज पर दर्द भरी चुभन का एहसास है ज़िन्दगी,
पतझड़ में गिरे पत्तों सा ख़्याल है ज़िन्दगी।
सुन्दर सा आसमान है जिसका ऐसी एक जमीन है ज़िन्दगी।
सुख और दुख का बहता हुआ संगम है ज़िन्दगी, जिसे बस तूने नहीं जाना,
टुटे हुए सपनों को दिल में दफनाया हुआ साज़ है ज़िन्दगी,
छोटी–छोटी आँखों में सज़ा बड़ा सा विचार है ज़िन्दगी,
ग़र है ग़म की दास्ताँ ये तो प्यार का गीत भी है ज़िन्दगी,
सर्द रातों में दीपक सा जल जाना राहों में,
जीवन का उलझ–उलझ कर खुद सुलझ जाना,
धीरे–धीरे मंज़िल पर बढ़ता हुआ लक्ष्यों का महल है ज़िन्दगी,
झिलमिल सितारों को समेटे हुए रिश्तों का आँगन है ज़िन्दगी,
श्वेत रंग की साधारण मगर एक खास झंकार है ज़िन्दगी,
कोरे पन्नों की एक किताब है ज़िन्दगी,
जिसे खुद साहस और धैर्य की स्याही से लिखा जाना है।
ऐसा एक अद्भुत ग्रन्थ है ज़िन्दगी,
पर हो कुछ भी है सच यही कि ईश्वर का
सबसे सुन्दर और सुनहरा उपहार है ज़िन्दगी,
हर कवि की तरह मेरी कविता का आधार है ज़िन्दगी,
जिसे बस तूने नहीं जाना,
ऐसा प्रेम का एक गीत है ज़िन्दगी।।

**Dr. Baby Tabassum**
**(Assistant Professor)**
Department of Zoology, Toxicology lab.

## "A Holistic and Inclusive Approach to Education: The National Education Policy 2020 in India"

The National Education Policy 2020, which was announced on July 29, 2020, which replaced the previous National Policy on Education, which was formulated in 1986 and later modified in 1992; proposes a range of reforms in school education, higher education, and technical education. It includes several action points and activities for implementation in both schools and higher education. Some of the key features of the NEP 2020 are:

a. Universal access to education at all levels, from pre-primary school to Grade 12.
b. Quality early childhood care and education for children between 3-6 years.
c. New curricular and pedagogical structure (5+3+3+4) with no hard separation between arts and sciences, curricular and extracurricular activities, and vocational and academic streams.
d. National Mission on Foundational Literacy and Numeracy.
e. Emphasis on promoting multilingualism and Indian languages.
f. Assessment reforms, including board exams on up to two occasions during any given school year and establishing a new National Assessment Centre, PARAKH.
g. Equitable and inclusive education with special emphasis on socially and Economically Disadvantaged Groups (SEDGs) and separate Gender Inclusion fund and Special Education Zones for disadvantaged regions and groups.
h. Robust and transparent processes for recruitment of teachers and merit-based performance.
i. Availability of all resources through school complexes and clusters and setting up of a State School Standards Authority (SSSA).
j. Exposure of vocational education in schools and higher education systems.
k. Increasing the Gross Enrolment Ratio (GER) in higher education to 50%.
l. Holistic and Multidisciplinary Education with multiple entry/exit options and establishment of Academic Bank of Credit.
m. Setting up of Multidisciplinary Education and Research Universities (MERUs) and the National Research Foundation (NRF).

n. 'Light but Tight' regulation with the establishment of Higher Education Commission of India (HECI) and independent bodies for standard-setting, funding, accreditation, and regulation.
o. Expansion of open and distance learning to increase GER.
p. Internationalisation of Education.
q. Professional Education as an integral part of the higher education system.
r. Teacher Education with a 4-year integrated stage-specific, subject-specific Bachelor of Education and establishing a National Mission for Mentoring.
s. Creation of the National Educational Technology Forum (NETF) to provide a platform for the free exchange of ideas on the use of technology to enhance learning, assessment, planning, and administration.
t. Achieving 100% youth and adult literacy.
u. Multiple mechanisms with checks and balances to combat and stop the commercialization of higher education.
v. Holding all education institutions to similar standards of audit and disclosure as a 'not for profit' entity.
w. The Centre and the States are working together to increase public investment in the education sector to reach 6% of GDP at the earliest.
x. Strengthening the Central Advisory Board of Education to ensure coordination and an overall focus on quality education.

**4. BENEFITS OF THE NEP 2020 IN THE HIGHER EDUCATION:**

a. Multidisciplinary Education: NEP 2020 encourages a multidisciplinary approach to education, which means that students can choose courses from various streams and design their own curriculum. This will enable students to have a broader perspective and be better prepared for the real world.
b. **Flexible Academic Curriculum:** The NEP 2020 proposes a flexible academic curriculum, which will allow students to choose courses from different programs and earn credits. This will help students to pursue their interests and passions and learn at their own pace.
c. **Internationalisation of Higher Education:** The NEP 2020 promotes the internationalisation of higher education by allowing foreign universities to set up campuses in India and vice versa. This will help to raise the quality of education and provide students with a wider range of options.

d. **Skill-based Education:** The NEP 2020 emphasises the development of skills among students, which is essential for their employability. The policy proposes the integration of vocational education and skill training in higher education, which will help students to acquire practical skills.

e. **Technology Alliance:** The NEP 2020 highlights the use of technology in education. The policy proposes the integration of online learning, virtual labs, and other digital tools in higher education. This will help to enhance the quality of education and make it more accessible to students.

f. **Research and Innovation:** The NEP 2020 aims to promote research and innovation in higher education. The policy proposes the establishment of research clusters, innovation centres, and technology parks in universities. This will help to foster a culture of research and innovation and make India a hub of innovation.

Overall, the NEP 2020 has the potential to transform the higher education system in India and make it more relevant to the needs of students and the society.

Overall, the NEP 2020 is a forward-looking policy that aims to transform the education system in India. It has the potential to address some of the long-standing challenges in Indian education, and equip students with the skills and knowledge required to succeed in the 21st century.



☞ "A good conscience is a continual Christmas." -Benjamin Franklin

## " INDIAN HERITAGE"

**Lt. (Dr.) Pravesh Kumar, Associate NCC Officer**
**SUO Siddhant Srivastav, NCC Cadet**

Indian Heritage dates back several centuries. It is vast and vibrant. Flora and fauna music and art architecture, classical dance and the initiated secular philosophy of its people are the highlights of India's treasure. Ever since the beginning we have preserved culture and tradition beautifully for our upcoming generations. We can never forget our tradition and culture as they are embedded in us and are an inseparable part of our lives no matter how far we plan to reach and how much we have progressed in all these years.

In India people from numerous religions, caste and creeds reside in the same country and so it is the land of diversified culture and traditions. Each religion and caste has its own tradition and customs. Each religious group follows the culture and has a deep own unwavering faith and underlying roots.

